प्रयाग-पुष्कर-प्रभास-बिन्दु-मानसादयो ऽविमुक्त-युक्त-कोशलामला गया त्ववन्तिका। पुरी मधौश्च नैमिषास्य दर्दरश्च कान्तिका दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः॥५॥ वसिष्ठ-वामदेव-धौम्य-नारदा-ऽत्रि-अङ्गिरा-स्त्वगस्त्य-शक्ति-कौशिकाऽसिताः सनन्दनादयः। शुकोऽथ कण्व-बालखिल्ल-याज्ञवल्क्य-कश्यपाः दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः।। ६।। पृथुः पुरूरवा नृगो दधीचिरिन्द्रहारको भगीरथो तमधुवांशुमान् सहस्रबाहवः। रघुर्नलो ययाति-धुन्धुमार-सव्यसाचिनो दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः ॥७॥ वियन्नदी सरस्वती कलिन्द-नन्दिनी सई शशिप्रभा च गण्डकी च गोमती ककुद्मती। असी च वामतो हि नर्मदा च सप्तसागराः दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः॥८॥ सरस्वती रमा सती ह्यरुन्धती महीसुता पृथा च गौतमप्रियात्रिवल्लभा च देवकी। शची सुदक्षिणा शकुन्तला च द्रौपदी क्षमा दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः ॥९॥ हिमालयः सुरालयस्तथा च शङ्करालयो महेन्द्र विन्ध्य-ऋष्य-मूक-कूट-मन्दरादयः। सुवेल-गन्धमादनोदयाद्रि - भूधराश्च ये दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः ॥१०॥

युधिष्ठिरोऽथ विक्रमार्क - शालिवाहनो नृपो विदूरथोऽभिनन्दनो-ऽर्जुनश्च

नागयुक् सदा। इमे च कल्किसंयुताश्च षट् शकप्रवर्त्तकाः दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः ॥ ११॥ अथर्व-ऋग्-यजूंषि सामसंज्ञकोऽष्टसिद्धयः प्रमत्त-दिग्गजा बलि-महेन्द्र-वाहनादयः। वटोऽ क्षयश्च केतुकल्प-भूरुहादि-भूरुहा दिने दिने प्रतिक्षणं भवन्तु मङ्गलाय वः ॥१२॥

वर-वध्वोर्गणेशपूजनम्

ततो वरः 'सुमुखश्चैकदन्तश्च०' इत्यादि मङ्गलश्लोकान् पठित्वा हस्ते जलमादाय, 'देशकालौ सङ्कीर्त्य, गोत्रः शर्मा सपत्नीकोऽहं द्विरागमन-निर्विघ्नतासिद्ध्यर्थं गणपत्याद्यावाहित- देवानां पूजनं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य, यथाविहित-सामग्र्या पूजनं कुर्यात्।

हस्ते पुनर्जलमादाय, 'अद्य कृतैतद्-विवाहकर्मणः साङ्गता-सिद्ध्यर्थम् आचार्याय इस प्रकार आचार्य वर-वधू को अभिषिंचित कर 'स्वस्ति न इन्द्रो०' अथवा 'स्वस्तिस्तु या विनाशाख्या०' मन्त्र एवं श्लोकों को पढ़कर वर को तिलक लगायें। वर-वधू द्वारा गणेशाम्बिका पूजन-तत्पश्चात् वर 'सुमुखश्चैकदन्तश्च०' इत्यादि मंगल श्लोकों को पढ़कर हाथ में जल लेकर 'देशकालौ सङ्कीर्त्य०' से 'पूजनं करिष्ये' तक संकल्प पढ़कर यथाविहित सामग्री से मण्डपस्थ गणेशादि देवों का पूजन करे।

वरवध्वोर्गणेशपूजनम्

मनसोद्दिष्टां दक्षिणां तथा तन्मध्ये न्यूनाति-रिक्तदोष- परिहारार्थं नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो भूयसीं दक्षिणां विभज्य दातुमहमुत्सृजे।' इत्युच्चार्य भूयसीदक्षिणा- माचार्यदक्षिणां च दद्यात्।

ततो वरः-

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद्-विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः ॥ १॥ यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपो-यज्ञ-

क्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां यातु सद्यो वन्दे तमच्युतम्।। २।।॥ 'ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः।' इत्याचार्यः विष्णुं प्रार्थयेत्।

इति विवाह-विधानं समाप्ता।

वर पुनः हाथ में जल लेकर 'अद्य कृतैतत्०' से 'दातुमहमुत्सृजे' तक संकल्प पढ़कर आचार्य-दक्षिणा तथा उपस्थित ब्राह्मणों को भूयसी दक्षिणा दे। इसके पश्चात् वर 'प्रमादात् कुर्वतां कर्म०' से 'सद्यो वन्दे तमच्युतम्' तक दो श्लोक पढ़कर देवताओं को नमस्कार करते हुए 'ॐ विष्णवे नमः' ऐसे तीन बार कहकर भगवान् विष्णु की प्रार्थना करे।

इस प्रकार विवाह विधान समाप्त।

अथ चतुर्थीकर्म

ततश्चतुर्थ्यामपररात्रौ वरः स्नानादिकं कृत्वा, उभावपि शुभासने प्राङ्मुखावुपविश्य, आचम्य प्राणानायम्य, 'अपवित्रः पवित्रो वा०' इति आत्मानं पूजासामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य, हस्ते अक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा, 'आ नो भद्रादीन्' - मङ्गलमन्त्रान् पठित्वा, हस्ते जलमादाय, 'देशकालौ सङ्कीर्त्य, गोत्रः शर्मा सपत्नीकोऽहं मम अस्या भार्यायाः सोम-गन्धर्वा- ऽग्न्युपभुक्तदोष- परिहाराय विवाहाच्चतुर्थ्यामपररात्रे चतुर्थीकर्म करिष्ये।' तत्रादौ निर्विघ्नतासिद्ध्यर्थं श्रीगणपत्यादिदेवता पूजनं च करिष्ये। पुनर्हस्ते जलमादाय, 'अस्मिन् चतुर्थीकर्मणि पञ्चभूसंस्कारपूर्वकम् अग्निस्थापनं च करिष्ये।'

चतुर्थी कर्म- तदनन्तर विवाह के चौथे दिन, वर-वधू दोनों स्नान कर पूर्वाभिमुख आसन पर बैठकर आचमन एवं प्राणायाम करके 'ॐ अपवित्रः पवित्रो वा०' मन्त्र से अपने ऊपर तथा पूजन-सामग्री पर जल छिड़क कर हाथ में अक्षत, पुष्प लेकर 'आ नो भद्रा०' इत्यादि (पृष्ठ ७ से १० तक) माङ्गलिक मन्त्रों को पढ़कर, हाथ में जल लेकर 'देशकालौ सङ्कीर्त्य' (पृष्ठ १०-११) से 'चतुर्थीकर्म करिष्ये' पर्यन्त संकल्प-वाक्य उच्चारण

कर जल को भूमि पर छोड़ दे। पुनः जल लेकर गणेश-गौरी, वरुण (कलश), मातृकादि पूजन का संकल्प करें। पुनः हाथ में जल लेकर 'अस्मिन् चतुर्थीकर्मणि पञ्चभूसंस्कारपूर्वकमग्निस्थापनं करिष्ये' तक संकल्प-वाक्य पढ़कर अग्निस्थापन का सङ्कल्प करे।

चतुर्थीकर्म तद्यथा-हस्तपरिमितां चतुरस्त्रां वेदीं कुशैः परिसमूह्य, गोमयोदकेनोपलिप्य, स्फेनोल्लिख्य, अनामिकाऽङ्गुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य, जलेनाऽभ्युक्ष्य, 'ॐ अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ २।। आसादयादिह।।' इति मन्त्रेणाऽग्निमुपसमाधाय।

पुनर्हस्ते वरणसामग्रीं च गृहीत्वा, जलमादाय, 'देशकालौ सङ्कीर्त्य, अस्यां रात्रौ कर्तव्यचतुर्थीहोम-कर्माण कृता- ऽकृता- ऽवेक्षणरूप-ब्रह्मकर्मकर्तुम् अमुकगोत्र- ममुकशर्माणं ब्राह्मणम् एभिः पुष्प-चन्दन-ताम्बूल-वासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे।' इत्युक्त्वा, वरणसामग्रीं ब्रह्मणे दद्यात्। ब्रह्माऽपि 'वृतोऽस्मि' इति वदेत्। पुनर्वरो 'यथाविहितं कर्म कुरु' इति वदेत्। ब्रह्माऽपि 'यथाज्ञानं करवाणि' इति कथयेत्।

अग्निस्थापन- एक हाथ चौकोर वेदी का निर्माण कर, उसे कुशा से संमार्जित कर, गोबर-मिश्रित जल से लीपकर, सुवा से उस पर तीन रेखाकर, अनामिका और अँगूठे से उन तीनों रेखाओं से कुछ मिट्टी निकाल कर बाहर फेंक दे, पुनः जल छिड़क कर 'ॐ अग्निं दूतं पुरो दधे०' इस मन्त्र से वेदी पर अग्नि-स्थापन करे।

पुनः वर हाथ में जल एवं वरण-सामग्री लेकर देश-कालोच्चारणपूर्वक 'अस्यां रात्रौ' से 'त्वामहं वृणे' तक संकल्प पढ़कर ब्रह्मा का वरण करे तथा वरण-सामग्री उनको दे दें। ब्रह्मा भी, 'वृतोऽस्मि' ऐसा कह दें। पुनः वर ब्रह्मा से 'यथाविहितं कर्म कुरु' ऐसा कहे। ब्रह्मा भी 'यथाज्ञानं करवाणि' इस प्रकार कहें।

ततो दक्षिणतो ब्रह्माणमुपवेश्योत्तरतः उदपात्रं (कलश-पूरितं जलं) प्रतिष्ठापयेत्। ततः स्थालीपाकं श्रपयित्वा (चरुं निर्माय) आज्यभागाविष्ट्वाऽऽ ज्याहुतीर्जुहोति। तद्यथा-ॐ अग्ने प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै पतिघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदमग्नये न मम।। १।। उदपात्रे त्यागः। ॐ वायो प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै प्रजाघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं वायवे न मम।। २।। (उदपात्रे त्यागः) ॐ सूर्यप्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा

तत्पश्चात् दक्षिण की ओर ब्रह्मा को स्थापित कर, उसके उत्तर भाग में जलपूर्ण घट को स्थापित करे। उसके बाद वेदी पर चरु (चावल) पकावे, तथा कुशकुण्डिका कर 'ॐ प्रजापतये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम। ॐ इन्द्राय स्वाहा, इदं इन्द्राय न मम। ॐ अग्नये स्वाहा, इदमग्नये न मम। ॐ सोमाय स्वाहा, इदं सोमाय न मम'। आधार और आज्यभाग संज्ञक इन देवों की घृत से आहुति करे।

इसके बाद 'अग्ने प्रायश्चित्ते०' से 'इदं गन्धर्वाय न मम' पर्यन्त पाँच मन्त्र पढ़कर प्रायश्चित संज्ञक पाँच देवों के लिए घी से हवन कर जलपात्र में 'न मम' कहकर स्रुवा से बचे हुए घृत का प्रक्षेप करे।

प्रश्न -

१ .कन्यादान किसे कहते है।

२ .कन्यादान किस किस को करना चाहिए।

इकाई 12 : चतुर्थीकर्म

नाथकाम उपधावामि याऽस्यै पशुघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।। ३।। (उदपात्रे त्यागः)। ॐ चन्द्रप्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै गृहघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं चन्द्रमसे न मम।।४।। (उदपात्रे त्यागः)। ॐ गन्धर्व प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै यशोघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं गन्धर्वाय न मम।। ५।। (उदपात्रे त्यागः)। इति पञ्चाहुतिर्जुहुयात्। इति स्थालीपाकेन जुहोति। ॐ प्रजापतये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम। (उदपात्रे त्यागः)। अग्निमाहुतिदशके, तत्तदाहुत्यनन्तरं हुतशेषघृतस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः। तत्र ब्रह्मणान्वारब्धेन आज्यस्थालीपाकाभ्यां स्विष्टकृद्धोमः। ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

तदनन्तर स्थालीपाक (घृतमिश्रित पके हुए चावल), एक कसोरे में थोड़ा निकाल कर 'ॐ प्रजापतये स्वाहा' कहकर स्थालीपाक से हवन कर 'इदं प्रजापतये न मम' कह खुवा से बचे हुए घृत का प्रोक्षणीपात्र में परित्याग कर कसोरे में रखे हुए अवशिष्ट चावल का खड़े होकर कुशा ले ब्रह्मा का स्पर्श करते हुए, तत आज्येन भूरादिनवाहुतीर्दद्यात्। ॐ भूः स्वाहा। इदमग्नये न मम।। १।। ॐ भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।। २।। ॐ स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥ ३॥ ॐ त्वं नो अग्ने वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडो अवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाँसि प्रमुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा। इदमग्निवरुणाभ्यां न मम।।४।। ॐ स त्वं नो अग्नेऽवमो भवोतीनेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ। अवयक्ष्व नो वरुणर्ट. रराणो वीहि मृडीकर्ट. सुहवो न एधि स्वाहा। इदमग्निवरुणाभ्यां न मम।। ५।। ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्ति याश्च सत्यमित्वमया असि अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजर्ट. स्वाहा। इदमग्नये अयसे न मम।। ६।। ॐ ये ते शतं वरुणं ये सहस्त्रियं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः।

'ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा' पढ़कर अग्नि में आहुति देकर 'इदमग्नये स्विष्टकृते न मम' कहकर स्रुवा से बचे हुए घृत को प्रोक्षणीपात्र में प्रक्षेप करे।

तत्पश्चात् 'ॐ भूः स्वाहा' से लेकर 'इदं प्रजापतये न मम' पर्यन्त घृत से नव आहुति देवे और 'इदं न मम' कहकर स्रुवावशिष्ट घृत को प्रोक्षणीपात्र में छोड़ दे।

तेभिन्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम।। ७।। ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा। इदं वरुणायाऽऽदित्यायादितये न मम।। ८।। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।। ९।। संस्रवप्राशनम्। आचमनम्। पवित्राभ्यां मार्जनम्। ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु। अग्नौ पवित्रप्रतिपत्तिः। ब्रह्मणे पूर्णपात्रदानम् पुनर्हस्ते जलामादाय, 'अस्यां रात्रौ कृतैतच्चतुर्थीहोमकर्मणोऽङ्गतया विहितं पूर्णपात्रमिदं प्रजापतिदैवतममुकगोत्रायाऽ मुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।' पुनः प्रोक्षणीपात्रस्थ घृत को अनामिका और अंगुष्ठ से सूंघ कर, आचमन कर 'ॐ सुमित्रिया न०' इस मन्त्र से प्रोक्षणीपात्रस्थित कुशा से अपने को मार्जन करते हुए उन कुशाओं को अग्नि में छोड़ दे। पूर्णपात्र दान- पुनः वर हाथ में जल लेकर देशकाल का उच्चारण करते हुए 'अस्यां रात्रौ०' से 'तुभ्यमहं ततो ब्रह्मा, 'ॐ स्वस्ति' इति वदेत्। 'ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः।।' इति मन्त्रेण ऐशान्यां प्रणीतान्युब्जीकरणम्। ततो वर उदपात्रात् जलमानीय, आम्रपल्लवेन वधूमूहिन, ॐ या पतिघ्नी प्रजाघ्नी पशुघ्नी गृहघ्नी यशोघ्नी निन्दिता तनूर्जारघ्नी तत एनां करोमि या जीर्य्यत्वं मया सह।। इति मन्त्रेण 'अमुकी देवी'ति नामोच्चार्य, अभिषिञ्चयेत्। ततो मन्त्रचतुष्टयेन वधू स्थालीपाकं प्राशयति वरः। तद्यथा- ॐ प्राणैस्ते प्राणान् सन्दधामि।। १।। ॐ अस्थिभिरस्थीनि सन्दधामि।। २।। ॐ मांसैस्ते मांसानि सन्दधामि।। ३।। त्वचा ते त्वचं सन्दधामि।। ४।। (मन्त्रान्ते अन्नप्राशनम्)।

सम्प्रददे' तक कहकर ब्रह्मा को पूर्णपात्र प्रदान करे। ब्रह्मा भी, 'ॐ स्वस्ति' ऐसा कह दे। तथा 'ॐ दुमित्रिया०' यह मन्त्र पढ़कर ईशान कोण में प्रणीतापात्र को उलट दे। तदनन्तर वर कलश के जल से आम्रपल्लव द्वारा वधू का नाम लेकर 'ॐ या ते पतिघ्नी०' से 'मया सह' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर वधू के मस्तक पर सिंचन करे। पुनः वर 'ॐ प्राणैस्ते प्राणान्०' से लेकर 'ते त्वचं सन्दधामि' तक चार मन्त्र पढ़कर प्रत्येक मन्त्र के बाद चार बार वधू को स्थाली पाक के चरु का वधू को प्राशन कराये (खिलावे)। उसी प्रकार वधू भी वर को इन चार मन्त्रों को पढ़कर चार बार खिलाये।

ततो वधू हृदयं स्पृष्ट्वा वरः पठेत्-ॐ यत्ते सुशीम हृदयं दिवि चन्द्रमसि स्थितम्। वेदाहं तन्मां तद्-विदद्यात्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतर्ट. शृणुयाम शरदः शतम्।।

ततः कङ्कणमोक्षणं कृत्वा, स्रुवेण भस्मानीय, त्र्यायुषाणि कुर्यात्। पश्चात् ब्राह्मणेभ्यो भूयसीं दक्षिणां दत्त्वा, तैराशीर्वादान् गृहीत्वा।

उसके बाद वर 'ॐ यत्ते सुशीम हृदयं दिवि०' से 'शरदः शतम्' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर अपना दाहिना हाथ वधू के गले से नीचे ले जाकर उसके हृदय का स्पर्श करे।

तत्पश्चात् देशाचार के अनुसार परस्पर एक दूसरे का कङ्गन देवताओं के सामने खोलकर रख दें। पुरोहित स्रुवा से भस्म लेकर 'ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः' से 'यद्देवेषु त्र्यायुषम्' पर्यन्त मन्त्र उच्चारण कर वर-वधू के ललाट, दक्षिण बाहु मूल एवं ग्रीवा में लगावे। पुनः वर सङ्कल्पपूर्वक आचार्य को दक्षिणा एवं उपस्थित ब्राह्मणों को भूयसी दक्षिणा प्रदान करे और उनसे आशीर्वाद ले।

ततो वरः-

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद्-विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।। १।। यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपो-यज्ञ-

क्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां यातु सद्यो वन्दे तमच्युतम्।। २।। 'ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः।' इत्याचार्यः विष्णुं प्रार्थयेत्।

इति चतुर्थीकर्म समाप्तम्।

इति देवरिया-जनपदान्तर्गत-'मझौली राज्य' (सम्प्रति वाराणसी) वास्तव्येन पण्डित-श्रीसन्तशरणमिश्रात्मज- व्याकरणाचार्य-साहित्यवारिधि-तन्त्ररत्नाकर आचार्य-पण्डित-श्रीशिवदत्तमिश्रशास्त्रिणा विरचिता विवाह-पद्धतिः समाप्ता।

बाद में 'प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्० तथा 'यस्य स्मृत्या च नामोत्तत्या०' इन दो श्लोकों को पढ़कर 'ॐ विष्णवे नमः' इसको तीन बार कहकर भगवान् विष्णु को प्रणाम करे।

विनय-पद्य-पुष्पाञ्जलिः कन्यापक्षे वाक्यम् -

यत्र नानाकलाकल्प-कल्याण-बुद्धयो, वेद-वेदाङ्ग - दर्शन-पुराणेतिहास-काव्यादि-परिशीलन- शालिशेमुषीकाः, अनेक - पण्डितमण्डली - मण्डित-सभासु वादिपराजयलब्ध-ख्यातयः, सत्यशील- शौचाचार- चञ्चरा देवकल्पाकल्पाः भवन्तस्तत्रभवन्तो देदीप्यमाना वर्तन्ते तत्र का गणनाऽल्पप्रसर - शालीनसम्विदां विशेषतः सभाऽप्रतिभ-जिह्यचेतसामस्माकम्। तथापि युष्मद्दर्शनपुण्य-विध्वस्ततमस्काः सत्वोद्रेकसमेधितमेधसः सान्द्रानन्दनिर्भराः भवतां सभासदां सभाजनाय निवेदयामः पद्यपुष्पाञ्जलिमिमं कर्णपूरीकुर्वन्तु समाहितचेतसो भवन्तः।

पद्य-पुष्पाञ्जलि को समर्पित कर विद्वत्प्रकाण्डैः परिमण्डितायां, नाऽस्यां सभायामुचितोऽस्मि वक्ता। तथापि वाचामुचितेऽत्र काले, मूकायितुं नोचितमित्यवैमि।। १॥ आमन्त्रणाय भवतां समुपागताः स्मः, भावत्कसत्कृतिकृतौ स्खलिता विलक्षाः। अस्माकवास - भवनाङ्गणभूमिरात्म-पादारविन्दरजसा परिशोधनीया।। २।।

वरपक्षे वाक्यम्-

दूराद्भवतां शील-सौहाद्र- पाण्डित्यप्रकर्षमाकर्ण्य युष्मद्दर्शन-कुतुकसमाकृष्टाः समागत्याऽत्र श्रुतानुमिताभ्यामप्यधिकगुणगरिमाणमुपहतो भवतः साक्षात्कृत्यात्मना भवत्सम्बन्धसन्धानकारि दैवं प्रशंसन्तः समुचितावसर- प्रसरया वाचा समुपश्लोकयामो भवतः।

विनय-पद्य-पुष्पाञ्जलिः

तथा च- यैः कीर्त्या धवलीकृतं त्रिभुवनं श्यामीकृतं चाऽम्बरं धूमैरध्वर - सम्भवैः प्रतिदिनं दानैर्द्विजास्तोषिताः। शिक्षा-संस्कृतया गिरा प्रतिदिनं यैस्तोषिताः पण्डिता- स्तैर्भक्त्या विनिमन्त्रितास्तदधुना धन्या धरण्यां वयम्।।३।। कन्या श्रीरिव रूपिणी गुणवती शुद्धं कुलं भूतले वित्तं रूप्य-सुवर्णभूरि विमला कीर्तिश्च दिग्व्यापिनी।

नागो भाति मदेन कं जलरूहैः पूर्णेन्दुना शर्वरी शीलेन प्रमदा जवेन तुरगो नित्योत्सवैर्मन्दिरम्। वाणी व्याकरणेन हंसमिथुनैर्नद्यः सभा पण्डितैः सत्पुत्रेण कुलं नृपेण वसुधा लोकत्रयं विष्णुना।। ६।। राजन्ते तपसा श्रुतेन च यथा सब्राह्मणा भूतले सत्सङ्गेन जनिहररचलया भक्त्या च रागोदयः। विद्या-वैभव-तत्कुलेड्यगुणिनां भाग्येन चासेदुषा सम्बन्धेन तथैव भवतां भामो हि भो सज्जनाः।।७।। इन्द्रस्याऽ म्बुसमर्पणं किमुचितं यस्याऽङ्गणे स्वर्णदी वासोऽलङ्करणैर्भवेदुपचितं किं तस्य कल्पद्रुमः। अन्नाद्यैरपि तुष्टिरस्ति कियती यस्याऽस्ति गेहे सुधा तस्मात् सर्वपरा नतिः समुचिता बद्ध्वाऽञ्जलिं त्वत्पुरः।। ८।।

वरपक्षे पठनीय-श्लोकाः

पचसा कमलं कमलेन पयः पयसा कमले न विभति सरः। मणिना वलयं विभा वलये नमणिः मणिना वलये न जितिकरः ।

शशिना च निशा निशया च शशी, शशिना निशया च विभाति नभः भवता च सभा सभया च भवान्, भवता सभया च विभामो वयम्।। १०।।

दूरेऽपि श्रुत्वा भवदीय-कीर्ति, कर्णौ च तृप्तौ न हि चक्षुषी मे। तयोर्विवादं परिहर्तुकामः समागतोऽहं तव दर्शनाय।। ११।।

कमलिनी मलिना रविणा विनास विरहणी मलिना पतिना विना ।
कुमुदनी मलिना शशिना विनाश वैमहो मलिना भवता विना ।।12।।
अपटः कपटी हिमहीन रुचिः प्रथिता पशुस्य कलत्ररतः
द्विजराज भवत्सद्शो न हरो न हरिः न हर न हरिः ।।13।।

प्रश्न -

१ .चतुर्थीकर्म किसे कहते है।

२ .चतुर्थीकर्म का सविस्तार वर्णन कीजिए।

इकाई 13 : मलिन षोडशी (दशगात्र)

मृत्युस्थानसे लेकर अस्थिसंचयनतक छः पिण्ड तथा दशगात्रके दस पिण्डों को मिलाकर सोलह पिण्डदान होता है। अशौचकाल का यह पिण्डदान 'मलिनषोडशी' कहलाता है। स्थाने द्वारे चतुष्पथे चितायां शव मस्तके। अस्थि संचयनो षष्ठो दश पिण्डा दशाहव काः। मोटक (तीन कुशों को मोड़कर मूल और अग्र भाग को पिता कर बट ले इसी को मोटक कहते है। पिण्डदान मोटक से करनाचाहिए अपसव्य होकर।

पिण्ड तथा निर्माण-षट्पिण्डदान

१. शवनिमित्तक पहला पिण्डदान

अपसव्य हो जाय। दायें हाथमें त्रिकुश, तिल और जल लेकर शवनिमित्तक प्रथम पिण्डके दानका मृति (मृत्यु)-स्थानपर प्रतिज्ञा-संकल्प करे -(मोटक तिल जल अपसव्यं दक्षिण मूख भूत्वा)

प्रतिज्ञा-संकल्प - अद्य गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (स्त्री हो

तो...गोत्रायाः बोले) प्रेतस्य (स्त्री हो तो प्रेतायाः बोले) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भूम्यधिदेवतातुष्ट्यर्थं च मृतिस्थाने शवनिमित्तकं पिण्डदानं करिष्ये। इस तरह संकल्प बोलकर संकल्प-जल गिरा दे।

(**क) अवनेजन -** पुनः जलसे भूमिको सींच दे।

इसके बाद जल, तिल, चन्दन और श्वेत पुष्प लेकर अवनेजनका संकल्प करे-

अद्यगोत्र (स्त्री हो तो गोत्रे) प्रेत (स्त्री हो तो प्रेते) मृतिस्थाने शवनिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिश्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

(**ख) पिण्डदानका संकल्प -** त्रिकुश, तिल, जल और पिण्ड लेकर (बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए) पिण्डदानका संकल्प करे-

अद्य .....गोत्र (..... गोत्रे) तवोपतिष्ठताम्। ऐसा संकल्प कर प्रेत (प्रेते) मृतिस्थाने शवनिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, कुशोंके बीचमें पितृतीर्थसे पिण्डको रख दे।

(**ग) प्रत्यवनेजन** अवनेजनपात्र में जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल छोड़कर (यदि उसमें जल अवशिष्ट हो तो छोड़ना आवश्यक नहीं) इसे दायें हाथमें रख ले। पुनः त्रिकुश, तिल, जल लेकर प्रत्यवनेजनका संकल्प करे-

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) मृतिस्थाने शवनिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

इस तरह संकल्प बोलकर पिण्डपर जल छोड़ दे और पुनः पिण्डको उठाकर अर्थीपर (शवके पास) रख दे। तदनन्तर सव्य होकर भगवान्से प्रार्थना करे-

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः। अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥

भगवान्‌का नामोच्चारण करते हुए सबके साथ शवको उठाकर घरके बाहरी दरवाजेपर उतारकर उत्तरकी ओर सिर करके रख दे।

२. पान्थनिमित्तक दूसरा पिण्डदान

अपसव्य होकर द्वारपर दक्षिणाभिमुख बैठ जाय। दाहिने हाथमें त्रिकुश, तिल, जल लेकर दूसरे पिण्डदानका प्रतिज्ञा-संकल्प करे-

प्रतिज्ञा-संकल्प अद्य गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं गृहवास्त्वधिदेवतातुष्ट्यर्थं निर्गमद्वारे पान्थनिमित्तकं पिण्डदानं करिष्ये। (बोलकर जल गिरा दे।)

(**क) अवनेजन** द्वार-भूमिका प्रोक्षण कर दे। जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल लेकर अवनेजनका संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) निर्गमद्वारे पान्थनिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिश्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

- ऐसा संकल्प कर प्रोक्षित भूमिपर पितृतीर्थसे आधा जल गिरा दे। वहाँपर दक्षिणाग्र तीन कुश बिछा दे।

(**ख) पिण्डदानका संकल्प -** दाहिने हाथमें त्रिकुश, तिल, जल और पिण्डको लेकर (बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए) पिण्डदानका संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) निर्गमद्वारे पान्थनिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। ऐसा बोलकर कुशोंके बीचमें पितृतीर्थसे पिण्ड रख दे।

(**ग) प्रत्यवनेजन** अवनेजनपात्रमें जल, तिल, श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प छोड़कर पात्रको दायें हाथमें रख ले। फिर त्रिकुश, जल, तिल लेकर प्रत्यवनेजनका संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) निर्गमद्वारे पान्थनिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। बोलकर पिण्डके ऊपर प्रत्यवनेजन-जल डाल दे।

इसके बाद पिण्डको अर्थीपर (शवके पास) रखकर सव्य होकर निम्न मन्त्रसे भगवान्‌की प्रार्थना करे- अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः । अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥

शवयात्रा

आत्मीयजनों के साथ जोर से भगवन्नाम ('राम नाम सत्य है', 'हरि बोल' आदि) का उच्चारण करते हुए शवको कन्धों पर उठा ले। जो बड़े हैं, उन्हें आगे कर और छोटी उम्रवालोंको पीछे कर यात्रा प्रारम्भ कर दे।

३. खेचरनिमित्तक तीसरा पिण्डदान

चौराहा आने पर पवित्र स्थानमें शवको कन्धोंसे उतारकर उत्तरकी ओर सिर करके रख दे। क्रियाकर्ता अपसव्य हो जाय और दक्षिणकी ओर मुख कर बैठ जाय। दायें हाथ में त्रिकुश, तिल और जल लेकर तीसरे पिण्डदानका प्रतिज्ञा-संकल्प करे-

प्रतिज्ञा-संकल्प अद्य गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थम् उपघातकभूतापसारणार्थं चतुष्पथे खेचरनिमित्तकं पिण्डदानं करिष्ये। ऐसा बोलकर जल भूमिपर छोड़ दे।

(क) अवनेजन श्राद्धकर्ता जलसे भूमिका प्रोक्षण कर ले। अवनेजनपात्रमें जल, तिल, सफेद चन्दन और सफेद फूल छोड़कर इसे दायें हाथमें रख ले। पुनः बायें हाथसे इसमें त्रिकुश, तिल तथा जल लेकर निम्न संकल्प करे-

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चतुष्पथे खेचरनिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। ऐसा बोलकर प्रोक्षित भूमिपर जल गिरा दे। वहाँ दक्षिणाग्र तीन कुश बिछा दे।

(ख) पिण्डदानका संकल्प - पुनः त्रिकुश, तिल, जल और पिण्डको दायें हाथमें लेकर (बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए) पिण्डदानका संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चतुष्पथे खेचरनिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् । - ऐसा बोलकर कुशोंके मध्य पिण्डको पितृतीर्थसे रख दे।

(ग) प्रत्यवनेजन अवनेजनपात्रमें जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल छोड़कर पात्रको दाहिने हाथमें रख ले। फिर बायें हाथसे त्रिकुश, जल, तिल लेकर निम्नलिखित संकल्प करे-

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चतुष्पथे खेचरनिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। - ऐसा बोलकर पिण्डपर पितृतीर्थसे जल चढ़ा दे।

इसके बाद पिण्डको अर्थीपर रखकर सव्य हो जाय और निम्न मन्त्रसे भगवान्से प्रार्थना करे-

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः । अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥ भगवान्के नामका उच्चारण करते हुए शवको उठा ले और चल दे।

४. भूतनिमित्तक चौथा पिण्डदान

विश्रामस्थानपर पहुँचकर शवको कन्धों से उतारकर रख दे। क्रियाकर्ता दक्षिणकी ओर मुँह करके अपसव्य हो बैठ जाय। दायें हाथ में त्रिकुश, तिल और जल लेकर चौथे पिण्डदान का प्रतिज्ञा-संकल्प करे-

प्रतिज्ञा-संकल्प अद्य गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं देहस्याहवनीययोग्यताभावसम्पादकयक्षराक्षसपिशाचा- दितुष्ट्यर्थं विश्रामस्थाने भूतनिमित्तकं पिण्डदानं करिष्ये। ऐसा बोलकर संकल्प-जल

भूमिपर छोड़ दे।

(क) अवनेजन भूमिको जलसे सींच दे। अवनेजनपात्रमें जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल डालकर दाहिने हाथमें रख ले। बायें हाथसे इसमें त्रिकुश, तिल, जल रखकर अवनेजनका संकल्प करे-

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) विश्रामस्थाने भूतनिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

- ऐसा बोलकर प्रोक्षित भूमिपर अवनेजन जल छोड़ दे और वहाँपर दक्षिणाग्र तीन कुश बिछा दे।

(ख) पिण्डदानका संकल्प - इसके बाद त्रिकुश, तिल, जल और पिण्ड लेकर बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए पिण्डदानका संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) देहस्याहवनीययोग्यताभावसम्पादकयक्षराक्षसपिशाचादि- तुष्ट्यर्थं भूतनिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। - ऐसा बोलकर कुशोंके बीचमें पिण्डको पितृतीर्थसे रख दे।

(ग) प्रत्यवनेजन अवनेजनपात्रमें जल अवशिष्ट हो तो जल न डाले। अन्यथा तिल, जल, सफेद चन्दन, सफेद फूल डालकर इस पात्रको अपने दाहिने हाथमें रख ले। फिर बायें हाथसे त्रिकुश, तिल, जल लेकर संकल्प करे-

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) विश्रामस्थाने भूतनिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। - ऐसा संकल्प बोलकर पिण्डपर पितृतीर्थसे जल छोड़ दे।

इसके बाद पिण्डको अर्थीपर रखकर सव्य हो जाय और निम्न मन्त्रसे भगवान्‌की प्रार्थना करे-

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः । अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष

प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥

भगवान्के नामोंका उच्चारण करते हुए शवको उठाकर श्मशान पहुँचाये। यदि गंगा आदि नदी हो तो शवको डुबाकर स्नान कराये और उत्तरकी ओर सिरकर शवको भूमिपर रख दे।

५. साधकनिमित्तक पाँचवाँ पिण्डदान

चिताभूमिका संस्कार- जहाँ कूड़ा, केश आदि न हो, ऐसे स्थानको झाड़कर गोबर, मिट्टीसे लीप दे तथा भूमिकी प्रार्थना करे-

अपसर्पन्तु ते प्रेता ये केचिदिह पूर्वजाः ॥

भूमिपर कुश बिछा दे। उसपर स्वयं या सगोत्रियोंके द्वारा चिता बनवाये, जो उत्तरसे दक्षिणतक लगभग चार हाथ लम्बी हो। चितामें तुलसी, चन्दन, बेल, पीपल, आम, गूलर, बरगद, शमी आदि यज्ञीय काष्ठ भी डाले। द्विजेतरोंसे चिता न बनवाये। इस चितापर शवको लिटा दे। मृतकके सभी अंगोंपर तुलसीकी सूखी लकड़ी रख दे। शवके सर्वांगपर घृतका लेप करे। चन्दन एवं यज्ञीय काष्ठ आदिको शवपर रखे। नेत्र, मुख आदिपर कर्पूर रख दे। शवके ऊपर ओढ़ाये गये चद्दरका कोना फाड़कर उस चद्दरको श्मशानके अधिपतिको दे दे। शवपर कपड़ा रहने दिया जाय, नग्न दाह न करे।

चिताके दक्षिण भागमें अपसव्य होकर दक्षिणकी ओर मुँहकर बैठ जाय। दायें हाथमें त्रिकुश, तिल, और जल लेकर चितानिमित्तक पाँचवें पिण्डदानकी प्रतिज्ञा करे-

प्रतिज्ञा-संकल्प - अद्य... गोत्रः .....शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् ..... गोत्रस्य (..... गोत्रायाः) ..... प्रेतस्य (.....प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं चितायां शवहस्ते साधकनिमित्तकं पिण्डदानं करिष्ये । - ऐसा बोलकर संकल्प-जल छोड़ दे।

(क) अवनेजन - भूमिको सींच दे। नये अवनेजनपात्रमें जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल छोड़कर दायें हाथमें रख ले। त्रिकुश, जल और तिल लेकर अवनेजनका संकल्प करे -

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितायां साधकनिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

- ऐसा बोलकर प्रोक्षित भूमिपर पितृतीर्थसे अवनेजनजल गिरा दे। वहाँपर दक्षिणाग्र तीन कुश बिछा दे।

(**ख) पिण्डदानका संकल्प -** दायें हाथमें त्रिकुश, तिल, जल और पिण्ड लेकर बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए संकल्प करे - अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकशास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं चितायां साधकनिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। - ऐसा बोलकर कुशोंके मध्य पितृतीर्थसे पिण्ड रख दे।

(ग) प्रत्यवनेजन अवनेजनपात्रमें यदि जल अवशिष्ट न हो तो जल, तिल, सफेद चन्दन, सफेद फूल डालकर दायें हाथमें रख ले, पुनः बायें हाथसे जल, तिल, त्रिकुश लेकर प्रत्यवनेजनका संकल्प करे -

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितायां साधकनिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। संकल्पका जल पितृतीर्थसे पिण्डपर डाल दे। फिर पिण्डको उठाकर शवके हाथमें रख दे। इसके बाद सव्य होकर भगवान्‌की प्रार्थना करे -

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः । अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥

क्रव्याद अग्निकी पूजा - चिताकी दाहिनी ओर वेदीपर अथवा किसी पात्रमें क्रव्याद अग्नि की स्थापना निम्न मन्त्रसे करे -

क्रव्यादनामानमग्निं प्रतिष्ठापयामि।

पूजन - 'क्रव्यादाग्नये नमः' इस मन्त्रसे गन्धाक्षत-पुष्पादिसे अग्निकी संक्षिप्त पूजा करे।

प्रार्थना - निम्न मन्त्रसे अग्निकी प्रार्थना करे-

त्वं भूतकृज्जगद्योने त्वं लोकपरिपालकः ।

उक्तः संहारकस्तस्मादेनं स्वर्गं मृतं नय ॥

चिता पर शव को कैसे रखे- नारी तु उत्तानं पुरुष अधोमुख।

शवदाह (सिरकी ओर अग्नि-ज्वालन)- इसके बाद अपसव्य हो जाय। चितापर जल छिड़क दे। फिर इस क्रव्याद अग्निको सरपत आदिपर रखकर निम्नलिखित मन्त्रों को पढ़ते हुए चिता की तीन या एक परिक्रमा कर सिर की ओर आग प्रज्वलित करे-

कृत्वा तु दुष्कृतं कर्म जानता वाऽप्यजानता । मृत्युकालवशं प्राप्तं नरं पञ्चत्वमागतम् ॥ धर्माऽधर्मसमायुक्तं लोभमोहसमावृतम् । दहेयं सर्वगात्राणि दिव्यान् लोकान् स गच्छतु ॥

असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा।

(वाराहपुराण, निर्णयसिन्धु)

कपालक्रिया - जब शव आधा जल जाय, तब कपालक्रिया करे। बाँससे शवके सिरपर चोट पहुँचानी चाहिये (यतियोंकी श्रीफलसे कपालक्रिया करनी चाहिये) और उसपर घृत डाल देना चाहिये। तदनन्तर उच्च स्वरसे रोना चाहिये।

संसारकी नश्वरताका प्रतिपादन - इसके बाद सम्बन्धीजन घास आदिपर बैठ जायें और संसारकी नश्वरताका प्रतिपादन करें। स्वयं श्मशान ही संसारसे वैराग्य उत्पन्न कर देता है। वैराग्यके बाद भगवान् और उनकी आज्ञाके रूप कर्तव्यके पालनकी ओर दृष्टि अवश्य जानी चाहिये।

चितामें सात समिधाएँ डालना - एक-एक बित्तेकी सात यज्ञीय लकड़ियाँ लेकर दाहकर्ता शवकी सात प्रदक्षिणा करे। प्रत्येक प्रदक्षिणाके अन्तमें 'क्रव्यादाय नमस्तुभ्यम्' मन्त्रसे एक-एक समिधा चितामें डालता जाय।

दाहसे अवशिष्ट अंशको जलमें डालना - अन्तमें शवका किंचित् भाग अर्थात् कपोत- परिमाण (कबूतरके बराबरतक) जलमें डाल देना चाहिये, पूरा जलाना मना है।

६. अस्थिसंचयननिमित्तक छठा पिण्डदान

शास्त्रका वचन है-

अपरेद्युस्तृतीये वा दाहानन्तरमेव वा। (अन्त्यकर्मदीपक)

इसका अभिप्राय है कि दूसरे दिन, तीसरे दिन अथवा दाहके बाद तत्काल चिता शान्त कर अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर दायें हाथमें त्रिकुश, तिल, जल लेकर छठे पिण्डदानका इस प्रकार संकल्प करे-

प्रतिज्ञा-संकल्प अद्य गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) अस्थिसंचयननिमित्तकपिण्डदानं करिष्ये। ऐसा बोलकर संकल्प-जल चिताभूमिपर छोड़ दे।

(क) अवनेजन - संकल्प कर भूमिको सींच दे। अवनेजनपात्र (दोने) में जल, तिल, सफेद चन्दन और सफेद फूल छोड़कर इसे दायें हाथमें रख ले। पुनः त्रिकुश, तिल, जल लेकर संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) अस्थिसंचयननिमित्तकपिण्डस्थाने अत्रावनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। बोलकर प्रोक्षित भूमिपर अवनेजन जल गिरा दे। भूमिपर दक्षिणाग्र त्रिकुश बिछा दे।

(ख) पिण्डदानका संकल्प - दायें हाथमें त्रिकुश, तिल, जल और पिण्ड लेकर बायें हाथसे दाहिने हाथका स्पर्श करते हुए संकल्प करे-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थम् अस्थिसंचयननिमित्तक एष पिण्डस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। ऐसा संकल्प बोलकर पितृतीर्थसे कुशोंके मध्य पिण्डको रख दे।

(ग) प्रत्यवनेजन - अवनेजनपात्रमें (जल अवशिष्ट न हो तब) तिल, जल, सफेद चन्दन, सफेद फूल डालकर दायें हाथमें रख ले और प्रत्यवनेजन-संकल्प करे। संकल्पके समय बायें हाथको दायें हाथके नीचे रख ले।

अद्यगोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) अस्थिसंचयननिमित्तकपिण्डोपरि अत्र प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। - ऐसा बोलकर इस जलको पितृतीर्थसे पिण्डपर गिरा दे एवं पिण्डको नदी आदिके जलमें डाल दे।

प्रार्थना - सव्य होकर निम्न मन्त्रसे भगवान्‌की प्रार्थना करे-

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः । अक्षय्यः पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्षप्रदो भव ॥

बलि प्रदान पिण्डसे जो अन्न बचा लिया गया था। उसीको हाथमें लेकर श्मशानवासी देवोंको निम्न मन्त्रोंको पढ़कर बलि प्रदान करे-

येऽस्मिन् श्मशाने देवाः स्युर्भगवन्तः सनातनाः । तेऽस्मत् सकाशाद् गृह्णीयुर्बलिमष्टाङ्गमक्षयम् ।। प्रेतस्यास्य शुभाँल्लोकान् प्रयच्छन्तु च शाश्वतान् । अस्माकमायुरारोग्यं सुखं च दत्त मे चिरम् ॥ श्मशानवासिभ्यो देवेभ्यो नमः । सर्वस्वीयभागं सदीपं बलिं गृह्णन्तु । -

ऐसा कहकर दीपकके साथ अन्न-बलि प्रदान करे।

अस्थिसंचयनका मुहूर्त, संचयन तथा प्रक्षेप-विधि

मंगल, रवि तथा शनि- इन दिनोंमें, युग्मतिथियों (षष्ठी-सप्तमी, अष्टमी-नवमी, एकादशी-द्वादशी, चतुर्दशी-पूर्णिमा तथा प्रतिपदा अमावास्या) में, एकपाद (कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी तथा उत्तराषाढा), द्विपाद (मृगशिरा, चित्रा और धनिष्ठा) और त्रिपाद (कृत्तिका, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी ...और पूर्वाभाद्रपद) नक्षत्रोंमें तथा पिण्डदान करनेवालेको अपने जन्मनक्षत्रमें अस्थिसंचयन नहीं करना चाहिये। माता और पिताके कुलको छोड़कर जो व्यक्ति अन्य कुलकी अस्थिका संचयन करता है, उसे प्रायश्चित्तके रूपमें चान्द्रायणव्रतका अनुष्ठान करना चाहिये।

यहाँ यह विशेष रूपसे ध्यातव्य है कि धनके लोभके वशीभूत होकर दूसरे गोत्रका अस्थिसंचयन नहीं करना चाहिये, किंतु परोपकारकी दृष्टिसे करुणा एवं कृपावश अनाथ व्यक्तिके संस्कारके रूपमें यदि कोई अस्थिसंचयन करता है तो उसे प्रायश्चित्तरूपमें चान्द्रायणव्रत करनेकी आवश्यकता नहीं है, प्रत्युत करोड़ों यज्ञोंके अनुष्ठानका पुण्य उसे प्राप्त होता है- 'अनाथप्रेतसंस्कारः कोटियज्ञफलप्रदः' तथा 'दयया अन्यस्यापि नयने महापुण्यम्' (धर्मसिन्धु पृ० ६५४)।

गायका दूध डालकर हड्डियोंको तर कर दे। मौन होकर पलाशकी दो लकड़ियोंसे कोयला आदि हटाकर हड्डियोंको अलग कर ले। सबसे पहले सिरकी हड्डियोंको अलग करे और कनिष्ठिकासे चुने। अन्तमें पैरकी हड्डियोंको एकत्र करे। कुश बिछाकर उसके ऊपर रेशम या तीसीके रेशोंसे बना वस्त्र बिछा दे। इसी वस्त्रपर हड्डियोंको रखता जाय।

इन्हें पंचगव्यसे सींचकर स्वर्ण, मधु, घी, तिल डाल दे। पुनः सुगन्धित जलसे तर कर दे और सर्वोषधि मिलाकर बाँधकर मिट्टीके बर्तनमें रख दे। इसके बाद दक्षिण दिशाको देखकर 'नमोऽस्तु धर्माय' कहकर जलमें प्रवेश करे, फिर 'स मे प्रीतो भवतु' कहकर पात्रको जलमें डाल दे। जलसे निकल- कर सूर्यका दर्शन करे और ब्राह्मणोंको यथाशक्ति दान दे।

दस दिनों के भीतर गंगामें अस्थिप्रक्षेप करनेसे मरनेवालेको वही फल प्राप्त होता है जो गंगामें (गंगातटपर) मरनेसे होता है। यदि किसी सुदूर तीर्थमें अस्थिप्रक्षेप करना हो तो अस्थिकलशको वृक्षपर लटका देना चाहिये और दस दिनों के भीतर तीर्थ में प्रक्षेप कर देना चाहिये। इस यात्रामें अस्थिकलश को रजस्वला आदि अस्पृश्य के दोष से बचाना चाहिये। कहीं यह दोष आ ही जाय तो लिखे अनुसार प्रायश्चित्त कर लेना चाहिये। फिर पहलेकी तरह दक्षिण दिशाका अवलोकन कर 'नमोऽस्तु धर्माय' उच्चारण कर और जलमें प्रवेश कर 'स मे प्रीतो भवतु' कहकर पात्र का प्रक्षेप करे। जलसे निकलकर सूर्यदर्शन करे और ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दे। यदि भूमि में गाड़ना हो तो दक्षिण से उत्तर की ओर प्रादेश मात्र (अँगूठे और तर्जनी के बीच की दूरी) लम्बा- और चार अंगुल का चौड़ा गड्ढा खोदकर उसमें कुश बिछाकर उसपर हल्दी के रंग से रँगा वस्त्र बिछाकर हड्डियों को रख दे। फिर गाय के घीसे तर कर सुवासित जलसे सींचे और सर्वोषधि मिलाकर गाड़ दे।

घटस्फोट - इसके बाद चिताके भस्म, अंगार आदि सभी वस्तुओंको जलमें बहा दे। इस तरह चिता-स्थलीको साफ कर दे। अन्तमें कोई व्यक्ति क्रियाकर्ताके कन्धेपर जलसे भरा घड़ा रख दे और क्रियाकर्ता पीछेकी ओर न देखते हुए 'एवं कदापि माऽभूत्' कहकर घड़ेको पीछे गिरा दे। स्नान - इसके बाद सब लोग कर्ता तथा बच्चोंको आगे कर दूसरे घाटपर जाकर जलको बायीं ओर घुमाकर मौन होकर स्नान करें।

तिलोदकदान - स्नानके बाद अपसव्यकी स्थितिमें ही सभी लोग दक्षिणकी ओर मुँहकर तिलांजलि दें। त्रिकुश, तिल, जल लेकर संकल्प बोलें -

संकल्प - अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितादाहजनिततापतृषोपशमनाय एष तिलतोयाञ्जलिस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। ऐसा संकल्प कर तिलांजलि दे।

चौदह पीढ़ीतकके बन्धु-बान्धवोंको दस दिनतक प्रतिदिन वृद्धिक्रमसे अर्थात् पहले दिन एक, दूसरे दिन दो तथा तीसरे दिन तीन- इस प्रकार अंजलिसंख्या बढ़ाते हुए तिलतोयांजलियाँ देनी चाहिये।

जो लोग बाहर रहते हों और मृत्युके कुछ दिन बाद उन्हें मृत्युका समाचार प्राप्त हो तो समाचार मिलनेके दिन पूर्व दिनोंकी तिलतोयांजलियोंके साथ तिलांजलियाँ देनी चाहिये। तत्पश्चात् वृद्धिक्रमसे दसवें दिनतक तिलतोयांजलियाँ देनी चाहिये। यदि कोई मृत्युके दस दिनोंके अन्दर तिलतोयांजलि न दे सके तो वह दसवें दिन सभी दिनोंके लिये गिनकर एक संकल्पसे सभी (पचपन) तिलतोयांजलियाँ दे दे। तिलतोयांजलिदानके पृथक् पृथक् संकल्प इस प्रकार हैं-

(क) एक अंजलिदानका संकल्प- अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर त्रिकुश, तिल, जल लेकर निम्न संकल्प बोले-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितादाहजनिततापतृषोपशमनाय एष तिलतोयाञ्जलिस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम्। एक तिलतोयांजलि दे।

(ख) दो अंजलिदानका संकल्प अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर त्रिकुश, तिल, जल लेकर निम्न संकल्प बोले-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितादाहजनिततापतृषोपशमनाय इमौ तिलतोयाञ्जली ते मया दीयेते, तवोपतिष्ठेताम्। दो तिलतोयांजलियाँ दे।

(ग) तीन या अधिक तिलतोयांजलियोंका संकल्प - अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर त्रिकुश, तिल, जल लेकर निम्न संकल्प बोले-

अद्य गोत्र (गोत्रे) प्रेत (प्रेते) चितादाहजनिततापतृषोपशमनाय इमे तिलतोयाञ्जलयः ते मया दीयन्ते, तवोपतिष्ठन्ताम्। तीन या अधिक तिलतोयांजलियाँ दे।

तत्त्वोपदेश - दाहकर्ता जलसे निकलकर दो सूखे वस्त्र पहन ले। गीले वस्त्रको एक बार निचोड़कर उत्तरकी ओरसे प्रारम्भ कर दक्षिणकी ओरतक सूखनेके लिये फैला दे। पुनः सभी लोग एक जगह बैठ जायँ और प्रियजनके वियोगसे उत्पन्न शोकको इतिहास आदि सुनाकर दूर करें, कहें-

'मानव-तन नश्वर है, निःसार है। शरीर तो पृथ्वी, जल, पावक, वायु और आकाशसे बना है और इसको इन्हीं पंचभूतोंमें मिल जाना है। अतः इस शरीरके लिये शोक करना कैसा? ऐसा तो अवश्य होना ही है। हाँ, इस मानव-तन पानेका एक बहुत बड़ा उपयोग यह है कि इस शरीरसे भगवान् को पाया जा सकता है। अतः शोक- मोह छोड़कर भगवान्का ही स्मरण करना चाहिये और उनकी आज्ञा समझकर विहित कर्म ही करना चाहिये।

श्मशानसे लौटनेके बादके कृत्य - इसके बाद बच्चोंको आगे करके सभी शव यात्री घर की ओर बढ़ें। पीछे न देखें। दरवाजे पर आकर थोड़ी देर रुक जायँ। वहाँ नीमकी पत्तियाँ चबायें। आचमन करें। जल, गोबर, तेल, मिर्च, पीली सरसों और अग्निका स्पर्श करें। फिर पत्थर पर पैर रखकर घरमें प्रवेश करें। २ कुछ देर बैठकर भगवान्का चिन्तन करें और मृतात्माकी शान्तिकी कामना करें।

प्रश्न -

१ .मलिन षोडशी किसे कहते है।

२ .मलिन षोडशी का सविस्तार वर्णन कीजिए।

इकाई 14 - मध्यम षोडशी (एकादशाह)-1

१. पहला पिण्ड (विष्णुके लिये)

२. दूसरा पिण्ड (शिवके लिये)

३. तीसरा पिण्ड (यमराजके लिये)

४. चौथा पिण्ड (सोमराजके लिये)

५. पाँचवाँ पिण्ड (हव्यवाहनके लिये)

६. छठा पिण्ड (कव्यवाहनके लिये)

७. सातवाँ पिण्ड (कालके लिये)

८. आठवाँ पिण्ड (रुद्रके लिये)

९. नवाँ पिण्ड (पुरुषके लिये)

१०. दसवाँ पिण्ड (प्रेतके लिये)

११. ग्यारहवाँ पिण्ड (विष्णुके लिये)

१२. बारहवाँ पिण्ड (ब्रह्माके लिये)

१३. तेरहवाँ पिण्ड (विष्णुके लिये)

१४. चौदहवाँ पिण्ड (शिवके लिये)

१५. पंद्रहवाँ पिण्ड (यमके लिये)

१६. सोलहवाँ पिण्ड (तत्पुरुषके लिये)

श्राद्धविधि

श्राद्धकर्ता पवित्र होकर श्राद्धस्थलपर आ जाय। सभी श्राद्धीय सामग्रियोंको यथास्थान रख ले। सर्वप्रथम पाकनिर्माण करना चाहिये।

पाकनिर्माण - ईशानकोणमें हाथसे बनाये गये मिट्टीके दो बर्तनोंमें देवताओंके लिये २ किलो तथा

प्रेतके लिये २५० ग्राम दूधमें चावल डालकर खीरके दो पृथक् पृथक् पाक तैयार कर ले। प्रेतके लिये केवल एक पिण्डके लिये खीर बनानी चाहिये। पाकनिर्माण हो जानेके अनन्तर उसमें तुलसीदल छोड़कर भगवान् विष्णुका भोग लगा दे।

शिखाबन्धन - श्राद्धकर्ता अपने आसनपर पूर्वाभिमुख बैठ जाय, गायत्रीमन्त्रसे शिखाबन्धन कर ले। **सिंचन-मार्जन -** निम्न मन्त्रसे अपने ऊपर तथा श्राद्धीय वस्तुओंपर जल छिड़के-

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा। यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।

पवित्रीधारण - निम्न मन्त्रसे पवित्री पहन ले-

ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः । तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम् ॥

आचमन - ॐ केशवाय नमः । ॐ नारायणाय नमः। ॐ माधवाय नमः। इन मन्त्रोंको बोलकर आचमन करे। ॐ हृषीकेशाय नमः कहकर हाथ धो ले।

प्राणायाम - प्राणायाम करे।

आसनों और पात्रोंका रखना श्राद्धस्थलके पूर्वभागमें दक्षिण दिशासे प्रारम्भकर उत्तरकी ओर क्रमसे विष्णु आदि नौ देवताओंके नौ आसन पश्चिमाभिमुख लगाये जायँ। दसवाँ आसन प्रेतके लिये इसी पंक्तिमें उत्तराभिमुख लगाया जाय। पुनः छः आसन देवताओंके लिये इसी पंक्तिमें पश्चिमाभिमुख बिछाये जायें।

देवताओंके आसनके सामने भोजनपात्रके रूपमें पलाशका पत्तल,

भोजनपात्रके दक्षिण अर्घपात्र (पलाशका दोना अथवा हाथका बना मिट्टीका दीया) और जलपात्र (पलाशका दोना अथवा हाथका बना मिट्टीका दीया) तथा भोजनपात्रके सामने घृतपात्र (पलाशका दोना अथवा हाथका बना मिट्टीका दीया) रखे। प्रेतके लिये भी भोजनपात्रके पश्चिम जलपात्र तथा अर्धपात्र और भोजनपात्रके सामने घृतपात्र रखे।

यजमानका आसन- इसके बाद यजमान अपना बैठनेका आसन देवश्राद्धके लिये पूर्वाभिमुख तथा प्रेतश्राद्धके लिये दक्षिणाभिमुख लगाये।

रक्षादीप-प्रज्वालन- इस श्राद्धमें दो दीपक तिल-तेलके जलेंगे। देवताओंका देवासनोंसे पूर्व पूर्वाभिमुख और प्रेतका प्रेतासनसे दक्षिण दक्षिणाभिमुख दीपक जलाकर क्रमशः जौ तथा तिलपर रख दे। निम्न मन्त्रसे दीपकोंकी प्रार्थना करे-

भो दीप ब्रह्मरूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत् । यावत् कर्मसमाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव ॥ **गदाधर आदिकी प्रार्थना**- अंजलिमें फूल लेकर गयाधाम, गदाधर तथा पितरोंका स्मरण कर निम्न मन्त्रसे प्रार्थना करे-

श्राद्धारम्भे गयां ध्यात्वा ध्यात्वा देवं गदाधरम् । स्वपितॄन् मनसा ध्यात्वा ततः श्राद्धं समाचरेत्॥ ॐ गयायै नमः । ॐ गदाधराय नमः। कहकर फूल चढ़ा दे।

तदनन्तर तीन बार 'ॐ श्राद्धभूम्यै नमः' कहकर भूमिपर जौ एवं पुष्प छोड़े।

भूमिसहित विष्णु-पूजन- श्राद्ध आरम्भ करनेके पूर्व विष्णुभगवान्का पूजन करनेका विधान है। अतः शालग्राम शिलापर षोडशोपचार अथवा पंचोपचार पूजन करना चाहिये। यदि सम्भव

न हो तो निम्न श्लोकसे विष्णुभगवान्का स्मरण-पूजन करते हुए पुष्पांजलि समर्पित कर श्राद्ध आरम्भ करना चाहिये- शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।

लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥ ॐ भूमिपत्नीसहिताय विष्णवे नमः - कहकर भगवान् विष्णुको प्रणामकर पुष्प अर्पित कर दे।

कर्मपात्रका निर्माण श्राद्धकर्ममें जलका उपयोग करनेके लिये कर्मपात्रका निर्माण कर ले।

अक्षतोंके ऊपर जलसे भरा एक कलश रखकर उसमें चन्दन, तुलसी, जौ, पुष्प तथा कुश छोड़ दे और त्रिकुशसे जलको दक्षिणावर्त आलोडित करते हुए निम्न मन्त्रोंको पढ़े-

ॐ यद्देवा देवहेडनं देवासश्चकृमा वयम् । अग्निर्मा तस्मादेनसो विश्वान् मुञ्चत्व हसः ॥ ॐ यदि दिवा यदि नक्तमेनासि चकृमा वयम् । वायुर्मा तस्मादेनसो विश्वान् मुञ्चत्वथंहसः ।। ॐ यदि जाग्रद्यदि स्वप्न एनासि चकृमा वयम् । सूर्यो मा तस्मादेनसो विश्वान् मुञ्चत्वथंहसः ॥

प्रोक्षण - कर्मपात्रके जलसे कुशद्वारा अपना तथा सभी श्राद्धसामग्री एवं पाकका प्रोक्षण करे और बोले- 'श्वादिदुष्ट दृष्टिनिपातदूषितपाकादिकं पूतं भवतु।'

दिग्-रक्षण - बायें हाथमें पीली सरसों लेकर दाहिने हाथसे ढककर निम्न मन्त्र बोले- नमो नमस्ते गोविन्द पुराणपुरुषोत्तम । इदं श्राद्धं हृषीकेश रक्ष त्वं सर्वतो दिशः ॥

तदनन्तर दाहिने हाथ से सरसों को पूर्व-दक्षिण आदि दिशाओंमें निम्न मन्त्रों को पढ़ते हुए छोड़े- पूर्व में - प्राच्यै नमः। दक्षिण में अवाच्यै नमः। पश्चिममें- प्रतीच्यै नमः। उत्तर में- उदीच्यै नमः। आकाश में - अन्तरिक्षाय नमः। भूमिपर - भूम्यै नमः ।

हाथ जोड़कर प्रार्थना करे-

पूर्वे नारायणः पातु वारिजाक्षस्तु दक्षिणे । प्रद्युम्नः पश्चिमे पातु वासुदेवस्तथोत्तरे । ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेदधस्ताच्च त्रिविक्रमः ॥

नीवीबन्धन - किसी पत्र-पुटक या पानके पत्तेपर तिल, त्रिकुशका

टुकड़ा लपेटकर निम्न मन्त्र पढ़ते हुए दक्षिण कटिभागमें उसे खोंस ले, बाँध ले-

ॐ निहन्मि सर्वं यदमेध्यकृद् भवेद्धताश्च सर्वेऽसुरदानवा मया। यक्षाश्च रक्षांसि पिशाचगुह्यका हता मया यातुधानाश्च सर्वे ॥ ॐ सोमस्य नीविरसि विष्णोः शर्मासि शर्मयजमानस्येन्द्रस्य योनिरसि सुसस्याः कृषीस्कृधि।

प्रतिज्ञासंकल्प - दाहिने हाथमें त्रिकुश, जौ तथा जल लेकर निम्नलिखित वाक्य बोले- ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः नमः परमात्मने पुरुषोत्तमाय ॐ तत्सत् अद्यैतस्य विष्णोराज्ञया जगत्सृष्टि कर्मणि प्रवर्तमानस्य ब्रह्मणो द्वितीयपरार्द्ध श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे तत्प्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे क्षेत्रे (यदि काशी हो तो अविमुक्तवाराणसीक्षेत्रे गौरीमुखे त्रिकण्टकविराजिते महाश्मशाने भगवत्या उत्तरवाहिन्या भागीरथ्या वामभागे) बौद्धावतारे संवत्सरे उत्तरायणे/दक्षिणायने ऋतौ मासे पक्षे तिथौ वासरे गोत्रः शर्मा/वर्मा/गुप्तोऽहम् गोत्रस्य (स्त्री हो तो गोत्रायाः बोले)। प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकविष्णुलोकाद्युत्तमलोकप्राप्त्यर्थं पितृपङ्क्ति - प्रवेशार्थं च विष्ण्वादितत्पुरुषान्तदेवानां प्रेतस्य च एकोद्दिष्टविधिना मध्यमषोडशश्राद्धानि करिष्ये। हाथका जलादि पात्र (तष्टा) में छोड़ दे।

पितृगायत्रीका पाठ - पितृगायत्रीका तीन बार पाठ करे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ॥

प्रथम नौ देवताओंके लिये आसनदानका संकल्प देवताओंके लिये बिछाये गये आसनोंपर पूर्वाग्र तीन-तीन कुशाओंको आसनके रूपमें रख दे। हाथमें त्रिकुश, जौ, जल लेकर प्रथम नौ देवताओंको आसन-प्रदान करनेके लिये निम्न संकल्प पढ़े-

ॐ अद्य (प्रेतायाः) प्रेतस्य (गोत्रायाः) गोत्रस्य... क्रियमाणे सिद्ध्यर्थं -प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशाधिकार

वो विभज्य आसनानि विष्ण्वादिपुरुषान्तदेवानामिमानि मध्यमषोडशश्राद्धे । नमः

- यह संकल्प पढ़कर हाथका जल, जौ आदि नौ आसनोंपर देवतीर्थसे छोड़ दे।

आवाहन - देवताओंके नौ आसनोंपर इस मन्त्रसे जौ छोड़े-ॐ यवोऽसि यवयास्मद् द्वेषो यवयारातीः। यहाँकी पवित्री उतार दे।

प्रेतके लिये आसनदानका संकल्प प्रेतके सम्मुख अपने आसनपर बैठ जाय। यहाँकी पवित्री पहन ले। अपसव्य तथा दक्षिणाभिमुख होकर प्रेतासनपर दक्षिणाग्र तीन कुश रख दे। फिर त्रिकुश, तिल, जल लेकर निम्न संकल्प पढ़ते हुए पितृतीर्थसे आसनदान दे और तिल, जल आसनपर छोड़ दे-

ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशाधिकार- सिद्ध्यर्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धे प्रेतस्य इदमासनं ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् ।

आवाहन - ॐ अपहता असुरा रक्षांसि वेदिषदः- इस मन्त्रसे प्रेतके आसनपर तिल छोड़े यहाँकी पवित्री उतार दे।

ग्यारहवेंसे सोलहवेंतक छः देवताओंके लिये आसनदानका संकल्प - देवताओंके सम्मुख अपने आसनपर आ जाय। सव्य पूर्वाभिमुख होकर यहाँकी पवित्री पहन ले। छः आसनोंपर पूर्वाग्र तीन-तीन कुश रख दे। तदनन्तर हाथमें त्रिकुश, जल, जौ लेकर निम्न संकल्प करे -

ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्ति - प्रवेशाधिकारसिद्ध्यर्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धे विष्ण्वादितत्पुरुषान्तदेवानामिमानि आसनानि विभज्य वो नमः। संकल्पका जौ जल देवतीर्थसे आसनोंपर छोड़ दे।

आवाहन - देवताओंके छः आसनोंपर इस मन्त्रसे जौ छोड़े-

ॐयवोऽसि यवयास्मद् द्वेषो यवयारातीः ।

अर्धपात्र-निर्माण- प्रथम नौ देवताओंके समीप आसनपर बैठ जाय। नौ देवभोजनपात्रोंके दक्षिण रखे हुए अर्घपात्रोंमें पवित्रक, जल, जौ आदि निम्न मन्त्रोंसे छोड़े-

प्रक्षेप-पवित्रक (क) निम्न मन्त्रसे देवनिमित्तक नौ अर्घपात्रोंमें पूर्वाग्र पवित्रक रखे -

ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।

तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम् ॥

(ख) जल-प्रक्षेप निम्न मन्त्रसे नौ अर्घपात्रोंमें जल डाले-

ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्रवन्तु नः ॥

(ग) यव-प्रक्षेप निम्न मन्त्रसे नौ देवार्घपात्रोंमें जौ डाले-

ॐ यवोऽसि यवयास्मद् द्वेषो यवयारातीः ।

(घ) चन्दन और पुष्प-प्रक्षेप नौ अर्धपात्रोंमें चन्दन, पुष्प मौन होकर छोड़े। पवित्री उतार दे।

प्रेतार्घपात्रका निर्माण अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर पवित्री धारणकर प्रेतके अर्धपात्रमें

'पवित्रे स्थो०' इस मन्त्रसे दक्षिणाग्र पवित्रक, 'शं नो देवी०' मन्त्रसे जल तथा निम्न मन्त्रसे तिल छोड़े-

ॐ तिलोऽसि सोमदैवत्यो गोसवो देवनिर्मितः । प्रत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितँल्लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा ॥ इसके बाद मौन होकर चन्दन पुष्प छोड़े। प्रेतमण्डलकी पवित्री उतार दे।

पुनः देवमण्डलमें अपने आसनपर आकर सव्य पूर्वाभिमुख हो देवमण्डलकी पवित्री धारण कर पहलेकी भाँति देवनिमित्तक शेष छः अर्धपात्रोंमें पवित्रक, जल, जौ पूर्वोक्त मन्त्रोंसे तथा चन्दन, पुष्प मौन होकर

छोड़े।

देवार्घपात्रोंका अभिमन्त्रण अर्घ देनेसे पहले अर्घपात्रको बायें हाथमें रखकर पवित्रकको दायें हाथसे निकालकर भोजनपात्रपर पूर्वाग्र रखे और उस पवित्रकपर पूजनपात्रसे एक आचमनी जल' ॐ नमो नारायणाय' कहकर छोड़ दे। अर्घपात्रको दाहिने हाथसे ढककर निम्न मन्त्र बोलकर अभिमन्त्रित करे -

ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्बभूवुर्या आन्तरिक्षा पार्थवीर्याः ।

हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः शथं स्योनाः सुहवा भवन्तु ॥

अर्घदान - तदनन्तर प्रथम अर्धपात्रको दाहिने हाथमें रख ले तथा त्रिकुश, जौ, जल लेकर नीचे लिखे संकल्पोंको पढ़कर अर्घदान करे-

१. विष्णु-अर्घदान ॐ अद्यगोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते विष्णुश्राद्धे विष्णो एषोऽर्घस्ते नमः। ऐसा बोलकर विष्णुके भोजनपात्रमें रखे हुए पवित्रकपर देवतीर्थसे जल गिरा दे। पवित्रकको पुनः अर्धपात्रमें पूर्वाग्र रख दे और अर्धपात्रको 'ॐ विष्णवे स्थानमसि' कहकर देवके दाहिने अर्थात् देवासनके उत्तरमें ऊर्ध्वमुख स्थापित कर दे।

इसी प्रक्रियासे निम्नलिखित सभी देवताओंके अलग-अलग अर्धपात्रोंका उपर्युक्त मन्त्रोंसे अभिमन्त्रण कर उन्हें अर्घ प्रदान करे और इसी प्रकार पवित्रक तथा अर्धपात्रको भी निर्दिष्ट स्थानपर रखे।

२. शिव-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते शिवश्राद्धे शिव एषोऽर्घस्ते नमः।

३. यमराज-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते यमश्राद्धे यमराज एषोऽर्घस्ते नमः ।

४. सोमराज-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः)

प्रेतत्व-

निवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते सोमराजश्राद्धे सोमराज एषोऽर्घस्ते नमः ।

५. हव्यवाहन-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्ति प्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते हव्यवाहनश्राद्धे हव्यवाहन एषोऽर्घस्ते नमः ।

६. कव्यवाहन-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते कव्यवाहनश्राद्धे कव्यवाहन एषोऽर्घस्ते नमः ।

७. काल-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्ति प्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते कालश्राद्धे काल एषोऽर्घस्ते नमः ।

८. रुद्र-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते रुद्रश्राद्धे रुद्र एषोऽर्घस्ते नमः।

९. पुरुष-अर्घदान ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते पुरुषश्राद्धे पुरुष एषोऽर्घस्ते नमः ।

यहाँकी पवित्री छोड़ दे।

प्रेतार्घका अभिमन्त्रण- प्रेतमण्डलमें अपने आसनपर आकर अपसव्य दक्षिणाभिमुख होकर यहाँकी पवित्री पहन ले। अर्घपात्रको बायें हाथमें रखकर उसके पवित्रकको दाहिने हाथसे निकालकर भोजनपात्रमें उत्तराग्र रख दे और उस पवित्रकपर एक आचमनी जल 'ॐ नमो नारायणाय' कहकर छोड़े। अर्धपात्रको दाहिने हाथसे ढककर 'या दिव्या०' यह पूर्वोक्त मन्त्र बोलकर अभिमन्त्रित करे।

१०. प्रेत-अर्घदान- तदनन्तर दाहिने हाथमें अर्धपात्र रखकर हाथमें

त्रिकुश, तिल, जल लेकर निम्न संकल्प बोले-

ॐ अद्य गोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तिपूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गतप्रेतश्राद्धे प्रेत एषोऽर्घस्ते मया दीयते, तवोपतिष्ठताम् । इस तरह संकल्प कर भोजनपात्रमें रखे हुए पवित्रकपर अर्घका जल पितृतीर्थसे गिरा दे। फिर उस

पवित्रकको उठाकर दक्षिणाग्र अर्धपात्रपर रख दे। इसके बाद इस अर्धपात्रको उठाकर प्रेतासनके बायें भाग (पश्चिम दिशा) में 'प्रेताय स्थानमसि' कहकर सीधा रख दे। यहाँकी पवित्री छोड़ दे।

देवमण्डलमें आकर आसनपर बैठ जाय। सव्य पूर्वाभिमुख होकर पवित्री धारण कर ले। शेष छहों देवार्घपात्रोंका पूर्वोक्त देवरीतिसे अभिमन्त्रण कर हाथमें त्रिकुश, जौ, जल तथा अर्धपात्र लेकर संकल्पपूर्वक देवोंको अर्घदान निम्न भाँतिसे करे -

११. **विष्णु-अर्घदान** ॐ अद्यगोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते विष्णुश्राद्धे विष्णो एषोऽर्घस्ते नमः। बोलकर विष्णुभोजनपात्रमें रखे हुए पवित्रकपर देवतीर्थसे जल गिरा दे। पवित्रकको पूर्वाग्र अर्धपात्रमें रख दे तथा 'ॐ विष्णवे स्थानमसि' कहकर अर्धपात्रको देवके दाहिने अर्थात् देवासनके उत्तरमें सीधा स्थापित कर दे। इसी प्रक्रियासे निम्न सभी देवताओंको अर्घ प्रदान करे और पवित्रक तथा अर्घपात्रको भी निर्दिष्ट स्थानपर रख दे।

१२. **ब्रह्मा-अर्घदान** ॐ अद्यगोत्रस्य (गोत्रायाः) प्रेतस्य (प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्ति- पूर्वकपितृपङ्क्तिप्रवेशार्थं क्रियमाणे मध्यमषोडशश्राद्धान्तर्गते ब्रह्मश्राद्धे ब्रह्मन् एषोऽर्घस्ते नमः ।

सधवा माता हेतु अद्य अस्मद् मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे पिण्डे पितामही-प्रपितामही वृद्ध प्रपितामहाः वासांसि युष्मभ्यं स्वधा ॥

विधवा माता हेतु-अद्य अस्मद् मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे पिण्डे पितृ-पितामह-प्रपितामहाः एतानि वासांसि युष्मभ्यं स्वधा ।।

- चुपचाप मौन होकर तीनों पिण्डों का पूजन करें-
- गन्ध (चन्दन) तिल-फूल-दीप नैवेद्य-आचमन-पान-सुपारी दक्षिणा दें।
- शेष खीर को पिण्डा के पास वेदी पर रख दें। जल छोड़ दें।
- दोनों हाथ की पवित्री (पैंती) उतार कर वहीं रख दे।
- प्रेत स्थल में आकर यहाँ की पवित्री (पैती) पहने ले।
- पिण्डा के ऊपर जो सूत-फूल आदि पूजन सामग्री चढ़ी है, उसे हटा दें।
- दाहिने हाथ में मोना या चाँदी का तार-पिण्डा काटने के लिए ले लें।
- नाई में पिण्डा काटने की आज्ञा में (लोकाचार); आदेश मिलने पर बाएं हाथ में तार पकड कर दाहिने हाथ में प्रेत पिण्डा को एक बार में ही के टुकड़ा में काट दें- निम्न मन्त्र पढ़ता रहे- (तार को मोडकर दो कर लें, पिण्णा पर रस कर दवा दें। तीन हिस्सा हो जायेगा।)

१. ये समानाः समनसो पितरो यम राज्ये ।

तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो कल्प्यताम् ।।

२. ये समानाः समनसो जीवा जीवेषु मामकाः ।

तेषां ¤श्रीर्मयि कल्पता मस्मिन् लोके शत १७ समाः ।।

- पिण्डा काटने के बाद तार नाई को दे दे।

- काटे हुए इन ३ हिस्से पिण्डे को क्रमशः १-१ हिस्सा रेखा (लाइन) पर रखे तीनों प्याले में (जिम प्याले में पहिले जल बॉट कर रखा था) अलग अलग रख दे।

- सावधानी से काटे पिण्ड के १-१ चावल को बीन ले। वेदी पर कुछ चावल शेष न रहे।

- यहां की पैती उतार दे। श्राद्ध स्थल में बाहर आकर हाथ-पाव धो लें। सव्य हो जाएँ।

- यहाँ पितर स्थल में आकर अपने आमन पर बैठे। नाक-कान छु कर हरि स्मरण करें। की पवित्री (पैती) पहन लें

- अपसव्य हो जाएँ। तीनों पिण्डों पर चढ़े मूत-फूल-तिल आदि को हटा कर पिण्डों को माफ कर लें।

- पहला पिण्डा बाएं हाथ में रख लें, और दाहिने हाथ के अंगूठे से दबाकर पिण्डा के बीच गढ़ा कर दें।

(**नोट**- जिस प्रकार कचौड़ी में गढ़ा कर दाल पीठी भरी जाती है; उसी प्रकार)

- प्रेत पिण्ड का पहला हिस्सा (जो ३ भाग में काट कर ३ प्याला में रखा है, उसे) उठाकर इसी पिण्डा के गढ़ा में भर दें-

- ऊपर से दबा कर प्रेत पिण्डा को पितामह के पिण्ड में अच्छी तरह मिला कर एक कर दें।

- दोनों को मिलाकर १ गोला पिण्डा बना कर पहली वेदी पर जहाँ मे उठाया है, वही रख दें।

• इसी तरह दूसरा हिस्सा उठाकर दूसरे पिण्डा में मिला कर यथास्थान रख दें।

• तीसरा भाग तीसरे पिण्डा में मिलाकर यथास्थान रख दें।

(**नोट**- प्याले में १ दाना भी खीर शेष न रहे)

• इन पिण्डों को मिलाते समय - निम्न पढ़ता रहे-

१. ये समानाः समनसो पितरो यम राज्ये ।

तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो कल्प्यताम् ।।

२. ये समानाः समनसो जीवा जीवेषु मामकाः ।

तेषां ७ श्रीर्मयि कल्पता मस्मिन् लोके शत¤ समाः।।

• मोटक-तिल-जल लेकर संकल्प करें-

अद्य गोत्रस्य प्रेतस्य (गोत्रायाः प्रेतायाः) एष पिण्डः -

पिता हेतु-१. पितामह-प्रपितामह-वृद्ध प्रपितामहानां पिण्डेन सह संयुज्यताम् अनेन सम्मेलनेन वसुलोक प्राप्तिरस्तु रुद्रलोक प्राप्तिरस्तु, आदित्यलोकप्राप्तिरस्तु।।

सधवा माता हेतु-२. पितामही-प्रपितामही - वृद्ध प्रपितामहीनां पिण्डेन सह संयुज्यताम् अनेन सम्मेलनेन वसुलोक प्राप्तिरस्तु रुद्रलोक प्राप्तिरस्तु आदित्यलोक प्राप्तिरस्तु ।।

विधवा माता हेतु - ३. पितृ-पितामह-प्रपितामहानां पिण्डेन सह संयुज्यताम् अनेन सम्मेलनेन वसुलोक प्राप्तिरस्तु रुद्रलोक प्राप्तिरस्तु आदित्यलोक प्राप्तिरस्तु ।।

• तीनों पिण्डों पर चुपचाप गन्ध (चन्दन) तिल-फूल धूप-दीप नैवेद्य-आचमन-पान-सुपारी-दक्षिणा चढा कर उनकी पूजा कर दें। हाथ जोड़कर प्रार्थना करें-

एष वोऽनुगतः प्रेतः पितस्तन् दधामि वः । शिव मस्त्विति शेषाणां जायतां चिरजीविनाम् । समानीव आकूतिः समाना हृदयानि वः ।

समानमस्तु वो यथा वः सुसहासती । सुपितृ लोकं गच्छ त्वं प्रेतत्वं सुपरित्यज । स्वकीयैः पितृभिः साकं विहर त्वं यथा सुखम् ।।

- सव्य होकर नाक-कान छू लें।

- दाहिने हाथ में थोड़ा सा जल लेकर विश्वेदेवा के भोजन पात्र (पत्ता) पर छोड़ दें-

- फूल छोड़ दें-चावल छिड़कें- मन्त्र पढ़ें-

जल-शिवा आपः सन्तु । फूल सौमनस्य मस्तु । चावल- अक्षतं चारिष्टं चास्तु ।

- अपसव्य होकर। तीनों पितरों के भोजनपात्र (पत्तों) पर जल-फूल-चावल छोड़ दें।

जल-शिवा आपः सन्तु। फूल-सौमनस्य मस्तु । वावल - अक्षतं चारिष्टं चास्तु ।

- मोटक-तिल-जल लेकर संकल्प करें-

पिता हेतु - अद्य अस्मद् पितुः यथानाम गोत्रस्य प्रेतस्य सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः दत्तेतत् अन्नपानादिकम्-अक्षय्यमस्तु ।।

सधवा माता हेतु-१. अद्य अस्मद् मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे अमुक गोत्राः पितामही-प्रपितामही-वृद्ध प्रपितामह्यः दत्तैतत् अन्न पानादिकम्-अक्षय्यमस्तु ।।

विधवा माता हेतु-२. अद्य अस्मद् मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्राः पितृ-पितामह-प्रपितामहाः दत्तैतत् अन्न पानादिकम्-अक्षय्यमस्तु ।।

- हाथ का तिल-जल-तीनों भोजन पात्रों पर छिड़क दें।

• सव्य होकर (जनेऊ अंगोछा सीधा करके) दक्षिण दिशा की और (सामने) देख लें।

• दाहिने हाथ में जल लेकर पूर्व की ओर धार गिराते हुए तीनों पिण्डों पर जल धारा दें- मन्त्र पढ़ें-

॥ अघोराः पितरः सन्तु ।।

• पूर्व की ओर मुख घुमा कर हाथ जोड कर प्रार्थना करें-

गोत्रन्नो वर्धतां दातारो नोऽभि वर्धन्तां वेदाः सन्तति रेव च । श्रद्धा च नो मा व्यगमद् बहु देय च नोऽस्तु । अन्नं च नो बहु भवेद तिथींश्च लभे महि । याचितारश्च नः सन्तु-मा च याचिष्म कंचन । एताः सत्या आशिषः सन्तु । सन्त्वेताः सत्या आशिषः ।!

• अपसव्य होकर सभी पिण्डों पर से पान-सुपारी फूल-मूत आदि पूजन सामग्री हटा दें।

• सभी पिण्डों पर कुशा का ३-३ टुकड़ा रख दें।

• १ दोनिया में जल तथा दूध मिलाकर दाहिने हाथ में लें।

• दाहिने हाथ के अंगूठे के सहारे (पितृ तीर्थ से) दक्षिण की ओर धार गिराते हुए तीनों पिण्डों पर जल मिश्रित दूध चढ़ा दें- मन्त्र पढ़ता रहे-

।। ऊर्जम् बहन्ती रमृतं घृतं पयः कीलालं परिसुतम्। स्वधास्थ तर्पयत मे पितृन् ।।

• झुककर तीनों पिण्डों को सूघ लें।

• क्रमशः तीनों पिण्डों को उठाकर अलग रख दें। वेदी पर का पत्ता हटा दें।

• तीनों वेदी पर जो कुशा बिछाया है, उसे उठा कर अग्नि में डाल दें।

- जनेऊ अंगौछा सीधा कर सव्य हो जाए। नाक-कान छूकर गायत्री जप लें।

।। शंख चक्र पूजन ।।

- पितर वेदी पर कुशा से ९ तथा ४ अंक लिख दें। इसकी पूजा करें। अक्षत लेकर प्रार्थना करे-

।। शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम् । विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णम् शुभांगम् ।। लक्ष्मीकान्तं कमल नयनं योगिभिर् ध्यान गम्यम् । वन्दे विष्णुं भवभय हरं सर्वलोकैक नाथम् ।।

विष्णवे नमः ।। शंखाय नमः ।। चक्राय नमः ।। गदाधराय नमः ।।

- हाथ का अक्षत पुष्प ९-४ पर छोड़ दे।

- ३ बार जल-गन्ध-अक्षत-फूल-धूप-दीप नैवेद्य-आचमन-पान-मुपारी दक्षिणा चढ़ा दे।

- कपूर जला कर आरती कर दे वाक्य पढ़ता रहे:-

।। शंखाय नमः । चक्राय नमः। गदाधराय नमः ।विष्णवे नमः ।।

- अक्षत-फूल लेकर प्रार्थना करे-

वसन्ताय नमस्तुभ्यं ग्रीष्माय च हेमन्ताय नमस्तुभ्यं नमो नमः नमस्ते शिशिराय च। सदा । वर्षाभ्यश्च शरत् संज्ञ ऋतवे च नमः आयुः प्रजां धनं विद्यां स्वर्गम् मोक्षं सुखानि च। प्रयच्छन्ति तथा राज्यं नृणां प्रीताः पितामहाः आयुः पुत्रान् यशः स्वर्गम् कीर्ति पुष्टिं वलं श्रियम् । पशून् सुख धन धान्यं च प्राप्नुयाम् पितृ पूजनात् ।।

- हाथ का अक्षत फूल वेदी पर चढ़ा दे।

- विश्वेदेवा के अर्धपात्र को उठाकर बगल रख दे। अर्थात् स्थान से हिला दे-चला दे। कुछ लोग अर्धपात्र में रखी कुशपवित्री की गांठ को भी खोलते हैं।

- जनेऊ अंगौछा उलटा कर अपसव्य हो जाय।

• आसन से उठ कर प्रेत श्राद्ध स्थल में आकर प्रेत आसन के पास जो अर्धपात्र (पियाला) उलटा रखा है, उसे भी सीधा कर दे। अपने आसन पर बैठे।

• फिर जनेऊ अंगोछा सीधा कर सव्य होकर नाक-कान छू ले। पूर्व मुख कर ले,

• त्रिकुश-जव-जल लेकर दक्षिणा संकल्प कर ले,

पिता हेतु अद्य अस्मद् पितुः यथानाम गोत्रस्य प्रेतस्य सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्ध प्रपितामहानां यथानाम धेयानां श्राद्ध-सम्बन्धिनां विश्वेषां देवानां कृतैतत्-श्राद्ध प्रतिष्ठार्थम् दक्षिणाद्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहम्-उत्सृजे ।

सधवा माता हेतु- अद्य अस्मद् मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्राणां पितामही-प्रपितामही-वृद्धप्रपितामहीनाम् देवीनाम् श्राद्ध सम्बन्धिनो विश्वेदेवानाम् कृतैतत् श्राद्ध प्रतिष्ठार्थम् दक्षिणा द्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहम्-उत्सृजे ।।

विधवा माता हेतु-अद्य अस्मद् मातु गोत्रायाः प्रेतायाः सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्रागां पितृ-पितामह-प्रपितामहानां नामधेयानां श्राद्ध सम्बन्धिनो विश्वेदेवानाम् कृतैतत् श्राद्ध प्रतिष्ठार्थम् दक्षिणाद्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

• जनेऊ अंगौछा उलटा कर अपसव्य हो जाय, दक्षिण मुख कर ले।

• मोटक-तिल-जल लेकर प्रेत के लिये दक्षिणा संकल्प करे-

।। अद्य अस्मद् पितुः यथानाम गोत्रस्य प्रेतस्य (मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः) कृतैतत् सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्ध प्रतिष्ठार्थम् दक्षिणा द्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहम्-उत्सृजे ।।

।। गोदान ।।

- सव्य होकर अपना नाक-कान छू ले भगवान का ध्यान कर ले।
- कुश-अक्षत-जल तथा द्रव्य लेकर गोदान संकल्प करे-

।। अद्य आशौचान्त द्वितीयेऽह्नि अस्मद् पितुः यथानाम गोत्रस्य अमुक नाम्नः (मातुः गोत्रायाः नाम्याः) प्रेतत्व विमुक्ति पूर्वक उत्तमलोक प्राप्तिकामनया इदं गोनिष्क्रयीभूतं द्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।। ।।

- ब्राह्मण को गोदान दे दे ब्राह्मण लेकर कहे ।। **स्वस्ति**
- फिर कुश-अक्षत जल-द्रव्य लेकर सांगता दे।

।। अद्य कृतैतत् गोदान प्रतिष्ठा सिध्यर्थम् इदं द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

ब्राह्मण को सांगता दे दे ब्राह्मण लेकर कहे ।। **स्वस्ति ।।**

- हाथ जोड़कर गौ की प्रार्थना कर ले

नमो गोभ्यः श्रीमतीभ्यः सौरभेयीभ्य एव च। नमो ब्रह्म सुताभ्यश्च पवित्राभ्यो नमो नमः ॥

- फिर-मोटक-तिल-जल लेकर पितरो की दक्षिणा संकल्प करे।

पिता हेतु- अद्य अस्मद् पितुः यथानाम् गोत्रस्य प्रेतस्य (मातुः गोत्रायाः प्रेतायाः) सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे गोत्राणां (पितामह प्रपितामह - वृद्धप्रपितामहानाम्) श्राद्ध प्रतिष्ठार्थम् दक्षिणाद्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहम् उत्सृजे ।।

सधवा माता हेतु - (पितामही-प्रपितामही-वृद्धप्रपितामहीनाम् ।)

विधवा माता हेतु - (पितृ-पितामह-प्रपितामहानाम्) - पढ़ना चाहिए

(नोट- प्रत्येक संकल्प के बाद हाथ का जल-जवा-तिल आदि ब्राह्मण के हाथ में दे दे)

- जनेऊ अंगौछा सीधा कर सव्य हो जाय, नाक-कान छू ले।

• दाहिने हाथ से विश्वदेवा के आसन पर जवा छिड़क कर विसर्जन करे- मन्त्र पढ़े-

।। विश्वेदेवाः प्रीयन्ताम् ।।

• जनेऊ अंगौछा उलटा कर अपसव्य हो जाय।

• दाहिने हाथ में तिल लेकर प्रेत आसन पर छिड़क दे। फिर तिल लेकर तीनों पितर-आसन पर छिड़क कर विसर्जन करे मन्त्र पढ़े-

आमा वाजस्य प्रसवो जगम्या दे मे द्यावा पृथिवी विश्वरूपे ।

आमागन्तां पितरा मातरा चामा सोमो अमृतत्त्वेन गम्यात् ॥

• दाहिने हाथ में जवा-तिल जल लेकर दीपक बुझा दे।

• पूजा के लोटा में जल-दूध लेकर धार गिराते हुए पितर-आसन-विश्वेदवा-आसन- प्रेतासन सम्पूर्ण श्राद्ध वस्तु के चारो ओर तीन परिक्रमा करे -

• तीसरी परिक्रमा पूरी करके लोटा अपने आसन के आगे भूमि पर उलटा रख दे।

• फिर लोटा उठाकर हाथ की अंगुली से ३ बार बजा दे मन्त्र पढ़े-

वाजे वाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु विप्रा अमृता ऋतज्ञाः ।

अस्य मध्वः पिवत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर् देवयानैः ।।

• अपने आसन से पूर्व की ओर ८ कदम आगे चले।

• अपने जनेऊ अंगौछा सीधा कर सव्य होकर नाक-कान छू ले। गायत्री का जप कर ले।

देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।।

प्रमादात् कुर्वताम् कर्म प्रच्यवेता ध्वरेषु यत् ।

स्मरणादेव तद्विष्णोः परिपूर्ण स्यादिति श्रुतिः ॥

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञ न्यूनं सम्पूर्णतां यातु सद्यो वन्दे क्रियादिषु ।

तमच्युतम् ।। विष्णवे नमः ।। विष्णवे नमः । विष्णवे नमः ।

- श्राद्ध स्थले में जो भी प्रयुक्त सामग्री- दोनिया-पत्तल-पियाला तिल-चावल-फूल-दीप वेदी-खीर-आदि है सब बटोर कर नदी-तालाब अथवा बाग-बगीचे में एक किनारे छोड़ दे - कुशा को जल में नहीं फेंकनाचाहिए। अन्यत्र रख दे ।।
- हाथ पांव धोकर फिर शय्या के पास आवे।
- महाब्राह्मण को पूरी-मिठाई-दही-खीर आदि खिलावे। खीर जरूर खिलानी चाहिए।
- महाब्राह्मण-गौ-कुत्ता-कौआ को गोग्रास देकर भोजन करे ।
- भोजन के बाद ब्राह्मण के माथ में चंदन-अक्षत लगाकर पान-दक्षिणा दे।
- महाब्राह्मण को शय्या पर बिठा कर उसका पांव दबाएँ। दान-दक्षिणा देकर ब्राह्मण से मुफल मांगे।
- महाब्राह्मण यजमान के शिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दे।
- यजमान-नदी-तालाब-कुआँ-बावली-पर स्नान कर वस्त्र बदल कर घर आए।
- मार्ग में आम्र पल्लव तथा हरा साग लेकर घर आना चाहिए।

घर में आकर गौरी गणपति पूजा करे

।। वैतरणी गोदान विधि ।।

- कुछ लोग प्रत्यक्ष गोदान करते हैं तथा उसे वैतरणी पार कराते हैं, उसके लिए यह विधि नीचे लिखी जा रही है।

• दक्षिण दिशा में ४ हाथ लम्बा [पूर्व-पश्चिम] २ हाथ चौड़ा [उत्तर-दक्षिण] तथा १ हाथ गहरा एक गढ़ा खोद ले।

• गढ़ा में जल भर दे [इसे ही वैतरणी माने।]

• इस वैतरणी [गढ़ा] के नैऋत्य कोण में [दक्षिण-पश्चिम का कोण में] ऊख की नाव रखे।

• ऊख की नाव के ऊपर एक ताँबे की कटोरी में तिल भर कर रखे।

• तिल कटोरी पर एक सोने की प्रतिमा [धर्मराज अथवा १ सोने का टुकड़ा] रख दे।

• नाव पर कपास-नमक-घी-गुड़

• भी यथाशक्ति रख दे। १ लोहे का छड़ [लौह दण्ड] रखे। गौ को वैतरणी के उत्तर की ओर पश्चिममुख खड़ी करे। यजमान पूर्वमुख खड़ा हो : गौ को सामने कर ले

• आचमन-प्राणायाम-गायत्री जप करे। कुश-अक्षत जल लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे- ।।

अद्य आशौचान्त द्वितीयेऽह्नि अमुक गोत्रस्य पितुः अमुक प्रेतस्य वैतरणी उत्तारणार्थम् गोपूजनं गोदानं चाहं करिष्ये ।।

• हाथ का कुश-अक्षत सामने भूमि पर छोड़ दें।

• पुष्प-अक्षत से गौ की पूजा कर दे। गौ को खाने के लिये कुछ अन्न दे दे।

• गौ की पूजा करते समय निम्न वाक्य पढ़ता रहे-

।। सोपकरण गवे नमः ।। ओम् कपिले नन्दे ! नमः । ओम् कपिले भद्रिके नमः । ओम् कपिले ! सुशीले नमः । कपिले सुरभि प्रिये नमः ।

ओम कपिले ! सुमनसे ! नमः । ओम् भुक्तिमुक्तिप्रदे नमः ।।

- सुन्दर वस्त्र और अलंकार से गौ को अलंकृत कर दे।

- गौ के साथ बछड़ा हो तो उसे भी अलंकृत कर दे। हाथ में फूल लेकर गौ की प्रार्थना करे -

ओम् कपिले सर्वदेवानाम् पूजनीयासि रोहिणी । तीर्थ धेनुमयी यस्मादतः शान्तिं प्रयच्छ मे।

- फूल गौ ऊपर के छोड़ दे।

- गोदान लेने वाले ब्राह्मण की पूजा करे - अक्षत-पुष्प ब्राह्मण पर चढ़ा दे।

।। देय ब्राह्मणाय नमः ।।

- कुश-अक्षत-जल-द्रव्य लेकर ब्राह्मण को वरण करे -

।। अद्य अशौचान्त द्वितीयेह्नि अमुक गोत्रस्य पितुः अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्तिकामनया गोदानकर्मणि एभिः वरण द्रव्यैः अमुक गोत्रं शर्माणं ब्राह्मणं गोदान प्रतिगृहीतत्वेन त्वामहं वृणे ॥

- ब्राह्मण के हाथ में वरण सामग्री दे। ब्राह्मण लेकर कहे ।। **वृतोऽस्मि ।।**

- कुश-अक्षत लेकर गौ की पूँछ पकड़ कर - संकल्प पढ़े-

॥ अद्य आशौचान्त द्वितीये दिवसे अमुक गोत्रस्य पितुः अमुक प्रेतस्य स्वर्गप्राप्ति कामनया इमां गां (कपिलाम्) (सवत्साम्) यथाशक्ति-अलंकृताम्-रुद्रदैवताम्-गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

- ब्राह्मण के हाथ में कुश-अक्षत-पूंछ पकड़ा दे। ब्राह्मण लेकर कहे ।। **स्वस्ति ।।**

- कुश-अक्षत-जल-द्रव्य लेकर गोदान सांगता का संकल्प करे -

।। अद्य कृतैतत् गोदान प्रतिष्ठा सांगता संसिध्यर्थम् इदं द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

- ब्राह्मण के हाथ में दे दे। ब्राह्मण लेकर कहे ।। स्वस्ति ।।
- हाथ में फूल लेकर गौ की प्रार्थना करे-

ओम् या लक्ष्मीः सर्वभूतानां या च देवेष्व वस्थिता ।
धेनुरूपेण सा देवी शान्तिं मम प्रयच्छतु ।। १ ।।
देहस्था या च रूद्राणी शंकरस्य सदा प्रिया ।
धेनुरूपेण सा देवी मम पापं व्यपोहतु ॥ २ ।।
विष्णु वक्षसि या लक्ष्मीः स्वाहा या च विभावसोः ।
चन्द्रार्क ऋक्ष शक्तिर्या धेनुरूपास्तु सा श्रिये ॥ ३॥
चतुर्मुखस्य या लक्ष्मीर्या लक्ष्मी र्धनदस्य च ।
लक्ष्मीर्या लोकपालानां सा धेनुर्वरदास्तु मे ॥४॥
स्वधा तु पितृ मुख्यानां स्वाहा यज्ञ भुजां यतः ।
सर्व पाप हरा धेनुस्तस्माच्छान्तिं प्रयच्छ मे॥५॥
अर्चितासि वसिष्ठेन विश्वामित्रेण पूजिता ।
सुरभी हर मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम् ।। ६ ।।
गवामंगेषु तिष्ठन्ति भुवनानि चतुर्दश ।
यस्मात् तस्माच्छिवं मे स्यादिहलोके परत्र च ॥७॥

- फूल गौ के ऊपर चढ़ादे।
- गौ को वैतरणी के नैऋत्य कोण पर लाकर खड़ी करे [जहाँ नौका है]।
- तिल-अक्षत-पुष्प लेकर ऊख की नौका पर तिलपात्र में रखी हुयी स्वर्ण मूर्ति पर चढ़ा दे।

।। पितुः प्रेतस्य वैतरणी-उत्तरणार्थम् श्री यज्ञ पुरुषत्वं प्रीणीहि ।।

- नौका की पूजा करे-तिल-अक्षत-पुष्प चढ़ा दे। ॥ **इक्षुमयी**

नौकायै नमः ।।

- ब्राह्मण के हाथ में जल दे- **।। अद्य इक्षुमयी नौकां ददानि ।।**

- ब्राह्मण कहे **।। ददस्व ।।**

- नौका तथा ब्राह्मण पर जल छिड़क कर - दाहिने हाथ में कुश-तिल-जल ले।

- बाएँ हाथ से नौका को छू ले संकल्प पढ़े-

।। अद्य आशौचान्त द्वितीयेऽह्नि गोत्रस्य पितुः प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्ति कामनया यम मार्गे वैतरणी उत्तरणार्थम् इमाम्-इक्षुमयी नौकां सकार्पास-तिलपात्र सहिताम् यज्ञपुरुष देवताम् गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

- ब्राह्मण के हाथ में कुश-तिल देकर नौका स्पर्श करा दे।

- कुश-तिल-जल-द्रव्य लेकर सांगता दे - संकल्प पढ़े-

।। अद्य कृतैतत् इक्षुमयी नौकादान सांगता सिध्यर्थम् इदं द्रव्यम् गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रवदे ।।

- सांगता ब्राह्मण को दे दे। ब्राह्मण लेकर कर कहे।।॥ स्वस्ति ॥

- वैतरणी (गढ़ा) में तिल-अक्षत-फूल छोड़कर चुपचाम वैतरणी की पूजा कर दे।

- फूल लेकर वैतरणी की प्रार्थना करे -

यमद्वारे महोघोरे श्रुत्वा वैतरणी नदीम् ।
तर्तुकामो ददाम्येनाम् तुभ्यं वैतरण्यै नमः ।।
विष्णुरूप द्विजश्रेष्ठ मामुद्धर महीसुर ।
सदक्षिणा मया दत्ता तुभ्यं वैतरण्यै नमः ।॥

- गौ-ब्राह्मण-नौका की परिक्रमा करे। परिक्रमा कर फिर प्रार्थना

करे -

धेनुके त्वं प्रतीक्षस्व यमद्वारे महाभये ।

उत्तरणार्थम् तु देवेशि वैतरण्यै नमोऽस्तु ते ॥

- फूल वैतरणी तट पर छोड़ दे। श्राद्धकर्ता गौ को आगे कर के उसकी पूंछ पकड़ ले।
- नौका तथा ब्राह्मण को साथ लेकर : ईशान कोण से उस पार जाय [अर्थात्] गौ को गढ़े पर से डका दे।

प्रश्न -

१ .सपिण्डन एवं त्रयोदशाह किसे कहते है।

२ .सपिण्डन एवं त्रयोदशाह सविस्तार वर्णन कीजिए।

इकाई 20 - मासिक श्राद्ध एवं वार्षिकी

वार्षिक श्राद्ध

• मृतक के लिए सालभर प्रतिमाह अमावस को पीपल वृक्ष के समीप घड़ा तथा सीधा दिया जाता है।

• यदि प्रतिमाह घटदान नहीं किया गया तो श्राद्ध आरम्भ करने के पूर्व १२ घड़ा तथा १२ सीधा बारह मास के निमित्त देना चाहिए।

विधि

• पीपल वृक्ष के समीप दक्षिणमुख बैठकर - अपने ऊपर जल छिड़के -

ओम् अपवित्रः पवित्रो व सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ।।

• ३ बार आचमन करे -

• ओम् केशवाय नमः । माधवाय नमः। नारायणाय नमः ।

• हाथ धो ले-

हृषीकेशाय नमः । पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।

• दोनों हाथों की तीसरी अंगुली में पैंती पहन ले -

ओम पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः । तस्य ते पवित्र पते पवित्र पूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम् ।

• पूर्व की ओर मुख करके ३ बार गायत्री का जप करे -

देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।।

• दक्षिण की ओर मुख करके अपसव्य होकर मृतक का ध्यान

करें -

आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ताः पथिभिर्देव यानैः।

अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधि ब्लुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ।।

- मोटक-तिल जल लेकर जल भरा घट छू ले - संकल्प करें-

अद्य विशेषण विशिष्टयां शुभ पुण्य तिथौ .... गोत्रः ..... नामाऽहम् अस्मद् पितुः ..... नाम्नः (मातुः गोत्रायाः देव्याः) यमराज-धर्मराज वैतरणी

संकट निवारण पूर्वक अक्षय स्वर्गादि-उत्तम लोक गमन कामनया तृष्णा निवारणार्थम्-अमुक-मासिक इमं तिल-जल सहितं घटं यथानाम् गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- फिर मोटक-तिल-जल द्रव्य लेकर सांगता का संकल्प करें -

अद्य कृतैतत् घटदान सांगता सिद्ध्यर्थम् इदं द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- मोटक-तिल-जल लेकर सीधा का संकल्प करें -

अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ अस्मद् पितुः गोत्रः नामाऽहम् नाम्नः (मातुः गोत्रायाः देव्याः) यमराज-धर्मराज संकट निवारण पूर्वक-स्वर्गादि-उत्तमलोक प्राप्ति कामनया क्षुधा निवारणार्थम् अमुक मासिक इमम्-आमात्रं सदक्षिणाकं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- मोटक-तिल-जल-द्रव्य-लेकर सांगता का संकल्प पढ़ें -

अद्य कृतैतत् आमान्न दान प्रतिष्ठा संसिद्ध्यर्थम् इदं द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- घट का जल पीपल पर चढ़ा दे, मन्त्र पढ़ें-

नमोऽश्वत्थ महावृक्ष गोविन्दस्य सदा प्रिय।

तवाधः स्थापितः कुम्भः सजलो यो हि दृश्यते ।।

एष धर्मघटो दत्तो ब्रह्म विष्णु शिवात्मकः ।

अस्यप्रदानात् तृप्यन्तु यममार्गे पितरश्च मे ।।

गन्धोदक तिलैर्मिश्र सान्नं कुम्भं समविन्तम् ।

पितृभ्यः सम्प्रदास्यामि अक्षय्य मुपतिष्ठताम् ।।

- पीपल वृक्ष की ३ बार परिक्रमा करें -

यानि कानि च पापानि जन्मान्तर कृतानि च।

तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिणि पदे-पदे ।।

- हाथ जोड़कर प्रार्थना करें -

उदीरिता मवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः। असुं यई युरवृका ऋत ज्ञास्ते ऽ नो वन्तु पितरो हवेषु ।। अंगिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः । तेषां वयं सुमतौ यज्ञियाना मपि भद्रे सौमनसे स्याम ।। येन पूर्वे पितरः सोम्यासो ऽ नू हिरे सोमपीथं वशिष्ठाः । तेभिर्यमः स राराणो हवी ष्यु शन्नु शद्भिः प्रतिकाम मत्तु ।।

- सव्य होकर अपना नाक-कान छूकर पूर्वमुख भगवान का ध्यान करें -

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेता ध्वरेषु यत् ।

स्मरणादेव तद्विष्णोः परिपूर्णम्स्यादिति श्रुतिः ।।

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञ क्रियादिषु ।

न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम् ।।

अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम।

तस्मात् कारुण्य भावेन रक्ष रक्ष परमेश्वर ।।

- हाथ-पाँव धोकर घर आवें।

वार्षिक श्राद्ध विधि

- श्राद्ध के दिन घर के आँगन में श्राद्ध करने के निमित्त स्थान को

गोबर से लीप कर, पीली सरसों तथा तिल छिड़क कर पवित्र कर लें।

- गोबर के कंडा की अग्नि तैयार कर मिट्टी की नयी-शुद्ध हाँडी में पिण्ड के लिए खीर पकाए।

१. स्वयं पकाएँ, अथवा श्राद्धकर्ता की पत्नी भी खीर पका सकती है।

२. लोहे के पात्र में खीर नहीं पकाना चाहिये और लोहे की कलछुल आदि से भी चलाना नहीं चाहिए।

३. खीर चलाने के लिए सरकंडा या अन्य कोई पवित्र लकड़ी का उपयोग करना चाहिये।

४. हाँडी में चावल-दूध-घी-शहद - सभी वस्तुएँ एक बार ही छोड़कर पकने के लिए अग्नि पर रख दें। बार-बार देखना-चलाना नहीं चाहिए। चीनी बाद में छोड़े अन्यथा चावल नहीं पकेगा। तिल पिण्ड बनाते समय मिलाना चाहिये।

- खीर पक जाने पर पहले यदि प्रतिमाह घटदान नहीं किया है, तो उसे करें। उसके बाद -

- एक तिल या सरसों के तेल का दिया जला कर दक्षिण दिशा में संभाल कर रख दें।

- श्राद्ध पूर्ण होने तक दीपक बुझने नहीं पावे - पूरी व्यवस्था कर दें।

- दीपक में १ ही बाती लगाये - दीपक का मुख दक्षिण दिशा में रहे।

- अपने सामने स्वच्छ-शुद्ध मिट्टी लेकर १-१ बीता लम्बी चौड़ी १६ वेदी पिण्डदान के लिए बनावे।

- मलमास हो तो १७ वेदी बनाएं।

- वेदी दिशा की ओर नीचे रहे, जिससे जल गिरने पर दक्षिण दिशा की ओर ही बहे।

• वेदी पर कोई तिनका-कीड़ा-मकोड़ा आदि न रहे सावधानी से देख लें।

• १६ वेदी के आगे (दक्षिण की ओर) तीन पत्तों को जोडकर बनाए हुए १६ तिप्ता (चट) अलग- अलग आसन के लिए रखें। मलमास में १७ तिप्ता रखें।

• सोलहों आसन (तिप्ता) के सामने वेदी की ओर तिप्ता से मिला कर १-१ पत्ता भोजन पात्र के लिए रख दें।

• भोजन पात्र पर १-१ दोनिया अर्धपात्र के लिए रख दें।

• ३ कुशा को एक में मिलाकर गाँठ लगा ले। इसी त्रिकुश से पूजन होता है।

• २ कुशा को बट कर बीच से मोड़ कर मूल भाग (जड़) तथा भाग को मिलाकर गाँठ लगा लें -इसे मोटक कहते हैं- इसी से पिण्डदान आदि होता है।

• २ कुशा के बीच वाले हिस्से को निकाल कर दोनों को बट कर गाँठ लगाकर दाहिने हाथ में पहनने के लिए १ पवित्री (पैंती) बना लें।

• इसी तरह ३ कुसा की १ पवित्री बाएँ हाथ के लिए तैयार कर लें।

• पवित्री (पैंती) दोनों हाथों में अनामिका (तीसरी) अँगुली में पहनी जाती है।

• १-१ कुशा को बट कर मूल-अग्रभाग मिला कर गाँठ लगाकर १६ मोटक-आसन के लिए तैयार कर लें। मलमास हो तो १७ मोटक बनाना चाहिए।

श्राद्ध प्रारम्भ

• पूर्व की ओर मुख करके त्रिकुश से अपने ऊपर तथा श्राद्ध सामग्री पर जल छिड़के -

ओम अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ।

- ३ वार आचमन करें।

ओम् नारायणाय नमः । ओम् केशवाय नमः। ओम् माधवाय नमः ।

- हाथ धो लें -

हृषीकेशाय नमः । पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।

- पवित्री (पैंती पहन ले)

- दीपक पर अक्षत-फूल छोड़कर प्रार्थना करें -

हे दीप देवरूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत।

यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव ।।

- बाएँ हाथ में पीली सरसों लेकर दाहिने हाथ से उसे ढँक कर निम्न मन्त्र पढ़ें -

ओम् नमो नमस्ते गोविन्द पुराण पुरुषोत्तम

इदं श्राद्धं हृषीकेश रक्षत्वं सर्वतो दिशः ।।

- दाहिने हाथ से २-२ दाना सरसों चारों दिशा में छिड़के -मंत्र पढ़ें -

पूर्व में	- प्राच्ये नमः ।	दक्षिण में	- अवाच्यै नमः ।
पश्चिम में	- प्रतीच्यै नमः ।	उत्तर में	- उदीच्यै नमः ।
ऊपर आकाश में -	अन्तरिक्षाय नमः ।	नीचे भूमि में -	भूम्यै नमः ।

- हाथ की सरसों अपने सामने भूमि पर छोड़ दें।

- अपने सामने भूमि पर जल-चंदन-पुष्प-चढ़ाकर पूजन कर दें। पूजन वाक्य पढ़ते रहें - **।। श्राद्धभूम्यै नमः ।। -** इसी से चन्दन-फूल

चढ़ाएं।

• १ कुशा को ३ बार मोडकर २ दाना तिल लेकर अपनी दाहिनी टेट में (धोती में) लपेट लें - निम्न मंत्र पढ़ें -

सोमस्य नीवीरसि विष्णोः शर्मासि शर्म यजमानस्येन्द्रस्यो निरसि सुस्याः कृषि स्कृधि ।।

• त्रिकुश-तिल-जल लेकर संकल्प करें -

अद्य शुभपुण्यतिथौ ... गोत्रः नामाऽहम्-अस्मद् पितुः गोत्रस्य नाम्नः (मातुः गोत्रायाः देव्याः) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत (१) पाक्षिक (२) प्रथम मासिक (३) द्वितीय मासिक (४) त्रैपाक्षिक (५) तृतीय मासिक (६) चतुर्थ मासिक (७) पंचम मासिक (८) षाण्मासिक (६) ऊनषाण्मासिक (१०) सप्तम मासिक (११) अष्टम मासिक (१२) नवम मासिक (१३) दशम मासिक (१४) एकादश मासिक (१५) द्वादश मासिक (१६) ऊनाब्दिक संज्ञकानि श्राद्धानि एकोद्दिष्ट विधिना करिष्ये।

• कुश-तिल-जल-भूमि पर छोड़ दें।

• ३ बार गायत्री का जप करें - ब्राह्मण मन्त्र पढ़ें-

ओम् देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।

• जनेऊ अंगौछा उलटा पहन ले अपसव्य हो जाय। दक्षिण दिशा में मुख करके बैठे।

• दाहिने हाथ में मोटक-तिल-जल तथा १६ मोटक आसन के लिए लेकर संकल्प करें -

अद्य अस्मद् पितुः यथानाम गोत्रस्य नाम्नः (मातुः गोत्रायाः देव्याः) एषु श्राद्धेषु इमानि आसनानि ते स्वधा।

• संकल्प करके आसन को १६ मोटक सामने के १६ तिप्ता पर दक्षिणाभिमुख क्रमशः १-१ रख दें।

- हाथ में लगा तिल-जल इन्हीं आसनों पर छिड़क दें।
- संकल्प वाला मोटक अपने आगे भूमि पर रख दें।
- सव्य होकर अपना नाक-कान छू ले फिर अपसव्य हो जाय -
- दाहिने हाथ में तिल लेकर सभी सोलह भोजन पात्रों पर तिल छिड़क दे-मन्त्र पढ़ें - **अपहताअसुरा रक्षा सिवे दिषदः ।**
- हाथ में तिल लेकर मृतक का आवाहन करें- निम्न मन्त्र पढ़ें -

आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ताः पथिभि देवयानैः ।

अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधि ब्ब्रुवन्तु तेऽवन्त्व स्मान् ।।

- तिल पितृ आसन (१६ मोटक) पर छिड़क दें।
- कुशा का मूल भाग निकाल कर १-१ कुशा में गाँठ लगाकर कुशा का अग्रभाग दक्षिण की ओर रहे इस ढङ्ग से १६ आसन के सामने रखी १६ दोनिया (अर्धपात्र) में रख दें, रखते समय मन्त्र पढ़ें -

ओम् पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।

तस्य ते पवित्र पते पवित्र पूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम् ।। *

- सोलहों अर्धपात्र (दोनिया) में थोड़ा-थोड़ा जल भर दे, मन्त्र पढ़ते रहें -

ओम् शन्नोदेवी रभिष्टयआपो भवन्तु पीतये। शैय्यो रभि स्रवन्तु नः ।

- सभी दोनियो (अर्धपात्र) में २-२ दाना तिल छोड़ दे, मन्त्र पढ़े-

ओम् तिलोऽसि सोम दैवत्यो गोसवो देव निर्मितः ।

प्रत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितृन्-लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा।।

- चुपचाप सभी १६ अर्धपात्र में चंदन-फूल छोड़ दें।

• सभी १६ अर्थपात्र (दोनिया) से कुशा निकाल-निकाल कर दोनिया के सामने वाले भोजन पात्र (पत्ता) पर उत्तर की ओर उद्याभाग करके रख दें।

• जिस दोनिया का कुश हो उसी के आसन पर रखना चाहिए, ध्यान से रखें।

• संकल्प वाला मोटक लेकर पूजा के लोटा से बोर-बोर कर इन सभी १६ कुशों पर जल छिड़क दें।

• दाहिने हाथ से इन १६ अर्धपात्रों (दोनिया) को ढँक लें मन्त्र पढ़ें-

ओम् या दिव्या आपः पयसा सं वभूवुर्या अन्त रिक्षा उत पार्थि वीर्याः।

हिरण्यवर्णा यज्ञियास्तान आपः शिवाश स्योना सुहवा भवन्तु ।।

• मोटक-तिल-जल लेकर संकल्प करें-

अद्य वार्षिक श्राद्धे अस्मद् पितः अमुक गोत्र ! अमुकनाम! (मातः गोत्रे देवि) एषु श्राद्धेषु एते हस्तार्घाः ते स्वधा ।

• संकल्प करके हाथ का तिल-जल दोनिया पर छिड़क दें। मोटक सामने भूमि पर रख दें।

• क्रमशः १-१ अर्धपात्र उठाकर १-१ बूँद जल भोजन पात्र पर रखे कुशा पर शेष जल आसन मोटक पर चढ़ा दें।

• फिर भोजन पात्र पर रखे कुशा को उठाकर दोनिया (अर्धपात्र) में रख दे।

• दोनिया आसन के पीछे (दक्षिण में) उलट कर रख दें।

• इसी तरह सभी अर्धपात्र का जल चढ़ाए, कुशा रखे, अर्धपात्र पीछे उलट कर रखता जाए मन्त्र पढ़ता जाए -

पित्रे स्थान मसि ।।

• श्राद्ध के अन्त तक इन उलट कर रखी दोनिया को हिलाना-डुलाना नहीं चाहिए।

• सभी १६ आसन मोटक पर २-२ दाना तिल छिड़क दें।

• बाएँ हाथ से १ कुशा लेकर पिता (माता) का ध्यान करें -

इमं लोकं परित्यज्य गतोऽसि परमां गतिम् ।

मनसा वायुरूपेण विप्रे त्वां योजयाम्यहम् ।।

• पढ़कर कुशा दक्षिण दिशा में फेंक दे।

• सभी १६ आसन मोटक पर चुपचाप मन में पिता (माता) का ध्यान करता हुआ चंदन-तिल- 2 फूल-कच्चा सूत-धूप-दीप-नैवेद्य-आचमन-पान-सुपारी-दक्षिणा चढ़ाकर पूजन कर दें।

• मोटक-तिल-जल लेकर संकल्प करें-

अद्य अस्मद् पितः अमुक गोत्र ! नाम (मातः गोत्रे देवि) एषु श्राद्धेपु एतानि-गन्ध पुष्प-धूप-दीप-ताम्बूल वासांसि ते स्वाधा।

• संकल्प के बाद जल-तिल आसन पर छिड़क दें। दाहिने हाथ में जल लेकर आसन (भोजन पात्र) के चारों ओर घुमा कर भूमि पर छोड़ दें।

यथा चक्रायुधो विष्णुस्त्रैलोक्यं परिरक्षति।

एवं मण्डल तोयन्तु सर्वभूतानि रक्षतु ।।

• १ दोनिया में थोड़ा-सा जल छोड़कर अग्नि कोण में (पितृ आसन के बाएँ) एक किनारे पर रख दें।

• १ चम्मच पिण्डा वाली खीर हाथ में लेकर तिल-घी लगा कर इस दोनिया में चोड़ दें-मन्त्र पढ़ें-

।। इदम्-अन्नम्-एतद्-भूस्वामि पितृभ्यो नमः ।।

• सभी १६ भोजन पात्रों पर १-१ दोनिया रख कर थोड़ा-थोड़ा जल भर दें।

• सभी १६ भोजन पात्रों पर १-१ बूँद घी तथा आधा-अधा चम्मच खीर रख दें।

• दोनों हाथ के अँगूठों से शहद छूकर, हाथ को उलटा कर (हथेली नीचे रहे)।

• सभी १६ भोजन पात्रों पर रखे घी-खीर-जल को ढँक ले या भोजन पात्रों को छू लें - मन्त्र पढ़ें-

मधुवाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः ।
मधुनक्त मुतोषसो मधुमत् पार्थिव रजः मधुद्यौ रस्तु नः पिता ।
मधुमान्नो वनस्पतिर्मधु माँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।
मधु-मधु-मधु।

• बाएँ हाथ से भोजन पात्रों को छूते हुए निम्न मन्त्र पढ़ें -

१. पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखे अमृते अमृतं जुहोमि स्वाहा।

२. इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढ़ मस्य पा सुरे स्वाहा।।

३. कृष्ण कव्य मिदं रक्ष मदीयम् ।।

• बाएँ उल्टे हाथ से १-१ भोजन पात्र को छू कर दाहिने हाथ से भोजन पात्र पर घी-खीर, दोनिया का जल ३-३ बार क्रमशः १-१ मोटक आसन पर छुआ दें।

• जिस पात्र का हो, उसी मोटक पर लगाए - एक-दूसरे का उलट-फेर न हो। निम्न वाक्य पढ़ते

पूर्व में - प्राच्यै नमः । दक्षिण में - अवाच्यै नमः ।

पश्चिम में	- प्रतीच्यै नमः ।	उत्तर में	- उदीच्यै नमः ।
ऊपर आकाश में -	अन्तरिक्षाय नमः ।	नीचे भूमि में -	भूभ्यै नमः ।

- सभी १६ भोजन पात्रों पर तिल छिड़क दें-निम्न मन्त्र पढ़ें -

।। अपहता असुरा रक्षा सिवेदिषदः ।।

- मोटक तिल-जल लेकर संकल्प करें -

।। अद्य अस्मद् पितः अमुकगोत्र ! अमुकनाम ! (मातः गोत्रे ! देवि!) एषु श्राद्धेषु इमानि सोपकरणानि दत्तैतानि ते स्वधा।

- हाथ का तिल-जल आसन पर छिड़क दें -
- सव्य होकर अपना नाक-कान छू लें, गायत्री जप करें - मंत्र पढ़े

१. मधुवाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः । माध्वीर्न सन्त्वोषधीः
मधुनक्त मुतोषसो मधुमत् पार्थिव गुं रजः। मधु द्यौरस्तु नः पिता ।
मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः । ।।
ओम् मधु-मधु-मधु ।।

२. ।। ओम ! अन्नहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद् भवेद् तत्सर्व मच्छिद्र मस्तु ।।

- अपने पैर के नीचे ३ कुशा रख कर निम्न मन्त्रों का पाठ करें -

१. कृणुष्वपाजः प्रसितिन्न पृथ्वीं याहि राजे वा म वाँ इभेन ।
तृष्वीमनु प्रसितिम् द्रूणा नोऽस्ताऽसि विद्ध्य रक्षसस्तपिष्ठैः ।।
२. तव भ्रमास आशु या पतन्त्यनु स्पृश धृषता शोशुचानः
तपू ...... ष्यग्ने जुह्वा पदङ्गा न सन्दितो विसृज विष्व
३. प्रतिस्पशो विसृज तूर्णितमो भवा पायुर्विशो अस्या अदब्ध

यो नो दूरे अद्य श सो यो अन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरा दधर्षीत् ।

४. उदग्ने तिष्ठ प्रत्या तनुष्व न्या मित्राँ ओषता त्तिग्म हेते।

यो नो अराति समिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम् ।।

५. उध्वा भव प्रति विध्या ध्यस्मदा विष्कृणुष्व दैव्या न्यग्ने ।

अवस्थिरा तनु हि यातु जूनां जामि मजामिम् प्रमृणीहि शत्रून् ।।

- पितृ भोजन पात्र पर २ दाना तिल छिड़क कर फिर मन्त्र पाठ करें -

उदीरता मवर उत्परा स उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः ।

असु य ईयुर वृका ऋतज्ञास्ते नो ऽवन्तु पितरो हवेषु ।।

- पुरूष सूक्त पाठ

सहस्त्र शीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्त्रपात् ।

स भूमि गुं सर्वतस्पृत्वा त्यतिष्ठद् दशाङ्गुलम् ।

पुरुष एवेद सर्वम् यद्भूतं यच्च भाव्यम् ।

उता मृतत्व स्येशानो यदन्ने नाति रोहति ।

एतावानस्य महिमातो ज्यायाँश्च पूरुषः ।

पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्या मृतन्दिवि ।

त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहा भवत्पुनः ।

ततो विष्वङ् व्यत्क्रामत् साशना नशने अभि।

ततो विराड जायत विराजो अधिपूरुषः ।

सजातो अत्य रिच्यत पश्चाद् भूमि मथोपुरः ।

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम् ।

पशूस्तॉश्चक्रे वायव्या नारण्या ग्राम्याश्च ये।

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दा सि गुं जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तमादजायत ।

तस्मा दश्वा अजायन्त ये के चो भयादतः ।

गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ।

तं यज्ञम्बर्हिषि प्रौक्षन्पुरुषंजात मग्र।

तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्चये।

यत्पुरुषं व्यदधुः कृतिधा व्यकल्पयन्।

मुखङ्किमस्यासीत्किं बाहू किमूरू पादा उच्येते ।

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्वाहू राजन्यः कृतः ।

ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्या ४ शूद्रो अजायत।

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत ।

श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत ।

नाभ्या आसीदन्तरिक्ष गुंसमवर्तत ।

पदभ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथालोकाँ अकल्पयन् !

यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञ मतन्वत ।

वसन्तोऽ स्यासी दाज्यं ग्रीष्मऽइध्मः शरद्धविः ।

सप्तास्या सन्परिधयस्त्रिः सप्त समिधः. कृताः ।

देवा यद्यज्ञन् तन्वाना अबध्नन्पुरुषम्पशुम् ।

यज्ञेन यज्ञ मयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।

तेह नाकम्महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे सध्याः सन्ति देवाः।

आशुः शिशानो वृषभो नभी मो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम् ।

संक्रन्दनो निमिष एकवीरः शत सेना अजयत्साकमिन्द्रः ।

नमः शम्भवाय च मवो भवाय च नमः।

शङ्कराय च मयस्कराय च नमः । शिवाय च शिततराय च।।

नमस्तुभ्यं विरूपाक्ष नमस्तेऽनेक चक्षुषे। नमः पिनाक हस्ताय वज्रहस्ताय वै नमः ।।

- अपसव्य होकर विकर पिण्ड दें
- अग्नि कोण में १ किनारे (जिससे कुछ छून जाय) ३ कुशा का टुकड़ा दक्षिण की ओर अग्रभाग करके विकर-आसन के निमित्त रख दें।
- १ दोनिया में १ पिण्डा-तिल-घी-शहद लगा कर ले, जल ले लें।
- ऊपर १ कुशा रख कर दाहिने हाथ से बैंक ले-मन्त्र पढ़ें -

अनग्नि दग्धाश्च ये जीवा ये प्रदग्धाः कुले मम।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु परां गतिम् ।।

प्रश्न -

१ .मासिक श्राद्ध एवं वार्षिकी किसे कहते है।

२ .मासिक श्राद्ध एवं वार्षिकी का सविस्तार वर्णन कीजिए।

इकाई 21 - एकोदिष्ट श्राद्ध

- अपने आसन से उठकर अग्नि कोण में जो ३ कुशा-आसन रखा है, उसी पर पिण्डा सहित दोनिया उलट कर रख दें।
- दोनों हाथ की पवित्री (पैंती) उतार कर वहीं रख दें।
- बाहर निकल कर हाथ-पाँव घोकर अपने स्थान पर फिर बैठें।
- पूर्व-मुख होकर सव्य होकर अपने ऊपर जल छिड़के।

अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मेरत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।

- ३ बार आचमन करें -

नारायणाय नमः ।। केशवाय नमः ।। माधवाय नमः ।।

- हाथ धो लें। दोनों हाथ में दूसरी पवित्री (पैंती) पहन लें।
- हाथ जोड़कर भगवान का ध्यान करें -

अनादि निधनो देवः शंख चक्र गदाधरः ।

अव्यक्तः पुण्डरीकाक्षः सर्व पाप हरो भव ।।

- जनेऊ अंगोछा उलटा कर अपसव्य हो जाय, दक्षिण की ओर मुख कर लें।
- बाएँ हाथ में क्रमशः एक-एक कुशा लेकर दाहिने हाथ से कुशा का अग्रभाग पकड़ कर कुशा की जड़ से क्रमशः सभी १६ वेदी पर एक-एक करके रेखा (लाइन) खींच दें - मन्त्र पढ़ें -

अपहता असुरा रक्षा सिवे द्विषदः ।

- लाइन खींच कर कुशा अपने पीछे उत्तर में फेंकता जाए।
- गोबर के कंडे पर अग्नि लेकर सभी वेदी पर घुमा दे - मन्त्र

पढ़ते रहें -

ये रूपाणि प्रतिमुञ्च माना असुराः सन्तः स्वधया चरन्ति ।

परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टान् लोकान् प्रणुदात्यस्मात् ।

• घुमाने के बाद इस अग्नि को दक्षिण दिशा में अलग रख दें। मोटक से सभी वेदी पर जल छिड़क दें- मन्त्र पढ़ते रहें -

अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवन्तिका।

पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ।।

• कुशा को बीच से अलग कर ३-३ कुश टुकड़ों को सभी वेदी पर रेखा (लाइन) के ऊपर बिछा दें। दक्षिण की ओर कुशा का अग्रभाग रहें।

• सव्य होकर अपना नाक-कान छू लें-हरि स्मरण करें।

• पूर्व दिशा की ओर मुख करके निम्न मन्त्र पढ़ें -

देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमोनमः ।।

• अपसव्य होकर -दक्षिण मुख कर लें।

• हर वेदी के आगे (अपनी ओर) एक-एक दोनिया रख दें। दोनिया में थोड़ा-थोड़ा जल भर दें, तिल-चंदन-फूल छोड़ दें।

• मोटक तिल-जल लेकर बाएँ हाथ से सब दोनिया को छूल लें। संकल्प पढ़ें - ।।

अद्य अस्मद् पितः-अमुक गोत्र! नाम ! (मातः गोत्रे-देवि) एषु श्राद्धेषु पिण्ड स्थानेषु अत्र अवने निद्ध्वं ते स्वधा ।।

• हाथ का तिल-जल-दोनिया पर छिड़क दे, मोटक रख दें।

• एक-एक दोनिया क्रमशः उठा-उठा कर २-२ बूँद जल वेदी पर

पिछे कुशा पर चढ़ा दें।

- शेष जल सहित दोनिया अपने स्थान पर रखता जाए।

<u>पिण्डदान करे।।</u>

- खीर में तिल-घी-शहद मिला कर वेल के समान १६ पिण्डा बना लें। थोड़ी खीर बचाए रहें।

- सभी पिण्डों पर १-१ बूँद शहद लगा दें, हाथ में मोटक ले लें। बायां पैर मोड़ लें।

- क्रमशः लेता जाय और संकल्प पढ़-पढ़ कर वेदी पर कुशा के ऊपर रखता जाय।

1) अद्य अस्मद् पितः यथानाम गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत पाक्षिक श्राद्धे एप पिण्डस्ते स्वधा ।

2) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत प्रथम मासिक एष पिण्डस्ते स्वधा ।

3) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत द्वितीय मासिक श्राद्धे एप पिण्डस्ते स्वधा।

4) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत त्रैपाक्षिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

5) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत तृतीय मासिक श्राद्धे एप पिण्डस्ते स्वधा।

6) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत चतुर्थ मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

7) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत पंचम मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

8) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत षाण्मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा ।

9) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत ऊन्षाण्मासिक श्राब्द्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

10) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत सप्तम मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

11) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत अष्टम मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

12) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत नवम मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

13) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत दशम मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

14) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत एकादश मासिक श्राद्धे एप पिण्डस्ते स्वधा।

15) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत द्वादश मासिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

16) अद्य पितः गोत्र नाम (मातः गोत्रे देवि) वार्षिक श्राद्धान्तर्गत उन्वार्षिक श्राद्धे एष पिण्डस्ते स्वधा।

- हाथ का मोटक भूमि पर रख दें, हाथ का तिल पिण्ड पर चढ़ा दें।
- पिण्डा के नीचे वेदी पर जो कुशा बिछाया है, उन सब को छू लें।
- पूर्व मुख हो, सव्य होकर -नाक-कान छू लें, हरि स्मरण करें।
- फिर दक्षिण मुख हो, अपसव्य होकर बायीं ओर से (पीछे मुख घुमाकर) श्वांस (सांस) को रोके।
- पितर का ध्यान करता हुआ मुख घुमा कर सामने पिण्डों की ओर रोकी हुई श्वास (सांस) छोड़ दें; मन्त्र पढ़ें -

अत्र पितर्मादयस्व यथा भाग मा वृषायस्व ।

अमीमदन्त पिता यथा भाग मा वृषायिष्ट ।।

• मोटक-तिल-जल-लेकर संकल्प करें-बाएँ हाथ से १६ दोनिया छू लें।

अद्य अस्मद् पितः गोत्र नाम [मातः गोत्रे-देवि] एषु श्राद्धेषु पिण्डे अत्र प्रत्यवने निद्ध्वं ते स्वधा।

• संकल्प कर हाथ का तिल-जल को १६ दोनिया जल सहित सामने रखी है उस पर छिड़क दें;

• क्रमशः १-१ दोनिया उठा कर उसका जल-तिल-फूल क्रमशः १-१ पिण्डा पर चढ़ा दें। दोनिया किनारे अलग फेंक दे।

- टेंट में (धोती में) जो कुशा-तिल लपेटा है, उसे निकाल कर नैर्ऋत्य कोण में (अपने दाहिने हाथ दक्षिण की ओर कोने में) फेंक दे।
- सव्य होकर -नाक-कान छू लें भगवान का ध्यान करें।
- फिर अपसव्य हो जाय।

• बाएँ हाथ में सूत लेकर दाहिने हाथ से पकड़ कर प्रत्येक पिण्डा पर अलग-अलग चढ़ा दें, निम्न मन्त्र पढ़ते रहें -

।। नमस्ते पिता रसाय नमस्ते पितः शोषाय नमस्ते पितर् जीवाय।

नमस्ते पितः स्वधायै नमस्ते पितर् घोराय नमस्ते पितर् मन्यवे ।

नमस्ते पितः पितर् नमस्ते गृहान्नः देहि नमस्ते पितर् देष्म।

एतत्ते पितर् वासः

- मोटक-तिल-जल-लेकर संकल्प करें-

अद्य अस्मद् पितः अमुक गोत्र नाम [मातः गोत्रे देवि] एषु श्राद्धपिण्डेषु एतानि वासांसि ते स्वधा ।।

• हाथ का तिल-जल पिण्डों पर छिड़क दें, मोटक भूमि पर रख दें।

• से चुपचाप मौन होकर पिण्डों पर क्रमशः -चन्दन-तिल-फूल-धूप-दीप-नैवेद्य-आचमन-पान-सुपारी-दक्षिणा चढ़ा दें।

• मोटक-तिल-जल-लेकर संकल्प करें -

।। अद्य अस्मद् पितः अमुक गोत्र नाम [मातः गोत्रे देवि] एषु श्राद्ध पिण्डेषु एतानि गन्धार्चन पुष्प धूप दीप ताम्बूल पूगीफलानि ते स्वधा ।।

• संकल्प पढ़ कर हाथ का तिल-जल पिण्डों पर चढ़ा दें-मोटक भूमि पर रख दें। से बची हुयी खीर थोड़ी-थोड़ी सभी पिण्डों के पास वेदी पर रख दें।

• दाहिने हाथ में जल ले-लेकर सभी पिण्डों के पास छोड़ दें। मन्त्र पढ़ें ।। शिवा आपः सन्तु ।।

• फूल छोड़ दें -

सौमनस्य मस्तु ।।

• चावल छोड़ दें -

अक्षतं चारिष्टं चास्तु ।।

• मोटक-तिल-जल लेकर संकल्प पढ़ें -

अद्य अस्मद् पितुः गोत्रस्य नाम्नः [मातुः गोत्रायाः देव्याः] एषु श्राद्धेषु दत्तैतानि अन्न पानादिकानि ते स्वधा ।

• हाथ का तिल-जल-पिण्डों पर छिड़क दें।

• सव्य होकर नाक-कान छू लें-पूर्व मुख करके हरि का स्मरण करें।

• दक्षिण दिशा की ओर मुख करके - दक्षिण दिशा को देखता

हुआ -

• दाहिने हाथ में जल लेकर पूर्व की ओर गिराता हुआ सभी पिण्डों पर जल घारा दें-मन्त्र पढ़ते रहें-

अघोरः पिताअस्तु।

• पूर्व की ओर मुख घुमा कर हाथ जोड़ कर प्रार्थना करें -

गोत्रन्नो वर्धतां दातारो नोऽभि वर्धन्तां वेदाः सन्तति रेव च।

श्रद्धा च नो मा व्यगमद् बहु देयं च नोऽस्तु ।

अन्नं च नो बहु भवेद तिथींश्च लभेमहि ।

याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कंचन ।

एताः सत्या आशिषः सन्तु। सन्त्वेताः सत्या आशिषः ।।

• अपसव्य होकर सभी पिण्डों पर से पान-सुपारी-फूल-सूत आदि पूजन-सामग्री हटा दें।

• सभी पिण्डों पर कुशा का ३-३ टुकड़ा रख दें।

• क्रमशः १-१ दोनिया में दूध मिला जल ले-लेकर दक्षिण की ओर धार गिराते हुए क्रमशः १- १ पिण्डा पर जल-दुग्ध धारा दे देते समय निम्न मन्त्र पढ़ते रहें -

ऊर्जम् बहन्ती रमृतं घृतं पयः कीलालं परिनु तम्।

स्वधास्थ तर्पयत मे पितरम् ।।

• थोड़ा झुक कर सभी पिण्डों को सूँघ लें। पिण्डों की वेदी से उठा कर अलग रख दें।

• अथवा -१-१ पिण्ड उठा-उठा कर सूंघ कर अलग किनारे रखते जाए।

• *वेदी पर बिछे हुए सभी कुशों को उठा कर अग्नि में डाल दें।
।। वेदी पूजन ।।

- ☆ सव्य होकर अपना नाक-कान छू लें।

- १ कुशा लेकर उसके मूल से बीच की वेदी पर ६ तथा ४ अंक लिख दें। मन्त्र पढे -

।। शंखाय नमः । चक्राय नमः। गदाधराय नमः ।

- अक्षत-फूल लेकर भगवान की प्रार्थना करें।

- शान्ताकारं भुजग शयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णम् शुभांगम् । लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भव भय हरं सर्व लोकैकनाथम्।।

- हाथ का अक्षत-फूल वेदी पर चढ़ा दें, और पूजन कर दें-मन्त्र पढ़ते रहें -

शंखाय नमः। चक्राय नमः। गदाधराय नमः । विष्णवे नमः ।

- फिर अपसव्य होकर (जनेऊ अंगौछा उल्टा पहन कर) -

- १६ अर्थ पात्र (दोनिया) जो आसन-मोटक के पीछे उलट कर रखा है। उन सभी को सीधा कर दें-उनमें तिल छिड़क दें।

- हाथ में जल-तिल-फूल लेकर दीपक बुझा दें।

- सव्य होकर -नाक-कान छू कर - (अथवा आचमन करके) पूर्व दिशा में मुख घुमा कर निम्न मन्त्र का ३ बार पाठ करें -

देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।।

शय्यादान विधि

- शय्या का सिर पूर्व की ओर रखना चाहिए और चारों पावा के पास ईशान कोण में घी, अग्निकोण में रोली तथा पूजा साम्ग्री, नैर्ऋत्य कोण में अन्न, तथा वायव्य कोण में जल पूर्ण घड़ा तथा शय्या के ऊपर फल-फूल-मिठाई-मेवा तथा वस्त्र-पात्र आदि जो

कुछ देना हो रख दें।

• शय्या की पूजा करें -तीन बार जल छिड़के तथा गन्ध-अक्षत-पुष्प छोड़ें।

ओम् सोपकरण शय्यायै नमः, ओम् प्रमाण्यै देव्यै नमः ।

• पहले ब्राह्मण का पाँव धोवें ।।

नमो ब्रह्मण्य देवाय गो ब्राह्मण हिताय च, जगहिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः।

• ब्राह्मण के माथ में तिलक लगावें -

गन्ध द्वारां दुराधर्षाम् नित्य पुष्टां करीषिणीम् । ईश्वरीम् सर्व भूतानां तामिहो पह्वये श्रियम् ।।

• हाथ में कुश-अक्षत-द्रव्य लेकर ब्राह्मण का वरण करें -

अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं अस्मद् पितुः अमुक नाम्नः वार्षिक एकोद् दिष्ट श्राद्ध दिवसे शय्यादान कर्मणि एभिः वरण द्रव्यैः अमुक गोत्रं शर्माणम् शय्यादान प्रतिग्रहीतृत्वेन त्वां वृणे।

• इसके बाद शय्या के ऊपर एक पान पर सोने की प्रतिमा अथवा सुपारी रख कर विष्णु की पूजा करें।

• पहले फूल लेकर ध्यान करें -

ओम् इदं विष्णु विचक्रमे त्रेधा निदधेपदम् समूढ़ मस्य पा गुं सुरे स्वाहा।

मनोजूतिर्जुषतामाज्यस्य वृहस्पतिर्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टं

यज्ञ समिमन्दधातु विश्वेदेवा स इह मादयन्तामोम् प्रतिष्ठ ।

• फिर जल, चन्दन, पुष्प, धूप-दीप, नैवेद्य, पान, सुपारी, दक्षिणा-द्रव्य आदि चढ़ाकर सविधि पूजन करें और हाथ जोड़कर प्रार्थना करें।

ओम् शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्।

विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णम् शुभांगम् ।

लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यम् ।

वन्दे विष्णुं भवभय हरं सर्व लोकैकनाथम् ।

- शय्या परिक्रमा करें - इसके बाद अक्षत-पुष्प-कुश-जल हाथ में लेकर शय्या तथा ब्राह्मण की परिक्रमा करें।

पुराणोक्त फलावाप्तये अमुक गोत्रः नामाऽहं अस्मद् पितुः अमुक नाम्नः (मातुः देव्याः) वार्षिक एकोदिष्ट श्राद्ध दिवसे समस्त पापक्षय पूर्वकाप्सरोगण सेवायुत विमानकरणक इन्द्र पुरगमनोत्तर षष्ठि सहस्रवर्षाधिरकरणक सर्वलोक महिमत्व तदुत्तर षष्ठि योजन मन्डल राज्य भोगान्तर शिव सायुज्यावाप्तिकामनया इमां शय्यां हंसतूली प्रच्छन्नां शुभ्र गण्डोपधानिकां प्रच्छादनपटास्तृतां धान्यादियुतां यथोपस्कर सहितां देवतां तथा च शीतोष्णवातलज्जा संरक्षणार्थम् वस्त्रोपवस्त्रम् सूपौदनपात्राणि एवं च फल पुष्प मिष्टान्नादीनि आसादित वस्तूनि सहिताम् यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- यह कहकर ब्राह्मण के हाथ में कुश अक्षत दे दें और ब्राह्मण को शय्या पकड़ा दें।
- ब्राम्हण लेकर कहे **।। स्वस्ति ।।**
- हाथ में कुश अक्षत जल-द्रव्य (शय्यादान सांगता) लेकर संकल्प पढ़ें -

अद्य कृतैतत् शय्यादान प्रतिष्ठा सिध्यर्थम् इदं-दक्षिणाद्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- ब्राह्मण लेकर कहे ।। स्वस्ति ।।
- फिर यजमान हाथ जोड़कर प्रार्थना करें -

।। यथा न कृष्ण शयनं शून्यं सागर जातया।

तथा शय्या पित्र्यप्यस्तु अशून्या जन्म जन्मनि ।

- शय्यादान के अभाव में धोती-कपड़ा आदि जो ब्राह्मण को देना

है, उसका संकल्प -

अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं अस्मत् पितुः (मातुः) वार्षिक एकोदिष्ट श्राद्ध दिवसे यमराज-धर्मराज वैतरणी संकट निवारण पूर्वक स्वर्गे सुख संवास कामनया इमानि वस्त्रोपवस्त्रादीनि आसादित् वस्तूनि च गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- *सांगता संकल्प -

अद्य कृतैतत् दान प्रतिष्ठा सांगता सिध्यर्थम् इदं दक्षिणा द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

- ब्राहाण लेकर कहे ।। **स्वस्ति** ।।

पददान

- पहले १२ पदों पर तीन बार जल छिड़के तथा गन्ध अक्षत पुष्प छोड़ें -

पदेभ्योनमः देय द्रव्येभ्यो नमः ।

- फिर हाथ में कुश-अक्षत-जल लेकर संकल्प करें -

अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं अस्मत् पितुः (मातुः) अमुक नाम्नः वार्षिक श्राद्ध दिवसे यमराज धर्मराज वैतरणी संकट निवारणार्थम् श्रुत्यादि तथोक्त फल प्राप्त्यर्थम् च इमानि पदानि यथानाम गोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो यथाकाले दातुमहम् उत्सृजे।

- यह कहकर जल अक्षत पद पर छोड़ दें और हाथ जोड़कर प्रार्थना करें -

- ओम् त्रिलोकीनाथ देवेश सर्वभूत दयानिधे। पद दानेन सन्तुष्ट प्रयच्छ मम वाञ्छितम् ।

- गोदान संकल्प करें-कुश, अक्षत, जल, द्रव्य लेकर संकल्प पढ़ें -

अद्य अस्मद् पितुः गोत्रस्य नाम्नः (मातुः गोत्रायाः देव्याः) अक्षय

स्वर्गादि उत्तम-लोक प्राप्ति कामश्च इदं गो निष्क्रयी भूतं द्रव्यं यथानाम गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- गोदान सांगता संकल्प -

अद्य कृतैतत् गोदान प्रतिष्ठा सांगता सिध्यर्थम्-इदं द्रव्यं गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

- ब्राह्मण गोदान लेकर कहे ।। स्वस्ति ।।
- यजमान हाथ जोड़ कर गौ की प्रार्थना करें -

नमो गोभ्यः श्रीमतीभ्यः सौरभेयीभ्य एव च।

नमो ब्रह्म सुताभ्यश्च पवित्राभ्यो नमो नमः ।।

- ब्राह्मणों को खिलाने के लिए बनी सामग्री एक व्यक्ति के भोजन योग्य अपने सामने रखे और अक्षत, जल, द्रव्य लेकर पिता के निमित्त पान करें-

अद्य शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं अस्मत् पितुः अमुक नाम्नः (मातुः देव्या) वार्षिक श्राद्ध दिवसे क्षुधा तृष्णा निवारणार्थम् स्वर्गे सुख प्राप्त्यर्थम् च इमानि भोज्य वस्तूनि सजलानि सदक्षिणानि गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

- गौ, कुत्ता, कौआ के लिए कुश, अक्षत, जल, द्रव्य लेकर गौग्रास संकल्प करें -

- अद्य शुभ पुण्य तिथौ अमुक गोत्रः अमुक नामाऽहं अस्मत् पितुः (मातुः देव्या) वार्षिक श्राद्ध दिवसे गौ श्वान काकेभ्यो इदं ग्रासं दातुम् उत्सृजे।

- पहले हाथ जोड़कर गौ की प्रार्थना करें -

सौरभेय्याः सर्वहिताः पवित्राः पुण्यराशयः ।

प्रति गृह्णन्तु मे ग्रासं गावस्त्रैलोक्य मातरः ।।

- फिर माला की तरह जनेऊ अंगौछा करके कुत्ता को हाथ जोड़े

- ।।

श्वानौ दौ श्याम सब वैवस्वत कुलोद्भवौ ताभ्यामन्नं प्रदास्यामि स्याता मेतावहिंसकौ ।।

- फिर अपसव्य होकर कौआ को हाथ जोड़े -

काकोऽसि यमदूतोऽसि वायसोऽसि महाबल।

भवानेतच्च गृह्णातु भूमा वन्नं मयार्पितम् ।।

- फिर सव्य होकर तीन बार जल छोड़े -

- कुश-अक्षत जल लेकर ब्राह्मण भोजन-संकल्प करें - १

अद्य अस्मद् पितुः गोत्रस्य नाम्नः [मातुः गोत्रायाः देव्याः] अक्षय स्वर्गादि-उत्तम लोकफल प्राप्तिकामश्च-अस्मिन् श्राद्ध दिवसे यथा संख्यकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये। भुक्तेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दक्षिणां ताम्बूलं च दास्ये।

- मोटक-तिल-जल लेकर आचार्य दक्षिणा संकल्प करें २

